संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -323 मंगलवार ,26 सितम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

ईडी का पीएफआई के खिलाफ फिर कार्रवाई शुरू

चार जिलों में सर्च ऑपरेशन जारी -ईडी ने त्रिशूर,एर्नाकुलम,मलप्पुरम और वायनाड समेत चार जिलों में तलाशी अभियान

वायनाड,25सितम्बर2023(ए)। ईडी ने एक बार फिर पीएफआई के खिलाफ कार्रवाई की है। केरल में पीएफआई के पूर्व कार्यकर्ताओं के घर पर ईडी ने छापेमारी की है। ईडी ने त्रिशूर, एर्नाकुलम, मलप्पुरम और वायनाड समेत चार जिलों में तलाशी अभियान शुरू किया है। छापेमारी अभी भी जारी है।

अगस्त में एनआईए ने मलप्पुरम में कई पीएफआई कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी की थी। प्रतिबंधित पीएफआई से जुड़े वेंगारा में थाइल हमजा, तिरूर में कलाथिपराम्बिल याहुति, तनूर में हनीफा और रंगत्तूर पडिक्कपराम्बिल जाफर के घरों पर छापे मारे गए।

एनआईए ने कहा था कि मंजेरी केंद्र का इस्तेमाल शैक्षणिक संस्थान की आड़ में पीएफआई और उसके प्रमुख संगठनों द्वारा किया जा रहा था। इससे पहले, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और राज्य पुलिस बलों की एक संयुक्त टीम ने 10 राज्यों में छापेमारी में 100 से अधिक पीएफआई नेताओं को गिरफ्तार किया था। आतंकवाद को वित्त पोषित

करने, प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने में शामिल व्यक्तियों के आवासों और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ली गई। 10 राज्यों में एक बड़े ऑपरेशन में, एनआईए, ईडी और राज्य पुलिस ने 100 से अधिक पीएफआई लोगों को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना, केरल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कई राज्यों में छापेमारी की गई। इस महीने की शुरुआत में एनआईए ने पीएफआई मामले में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश में 40 स्थानों पर छापेमारी की और चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसके बाद ईडी ने तेलंगाना में 38 स्थानों, हैदराबाद में चार, जगत्याल में सात, निर्मल, आदिलाबाद और करीमनगर जिलों में दो और आंध्र प्रदेश में दो स्थानों पर तलाशी ली।

महन सरिया और दिव्य दृष्टि ग्रूप के

दरभंगा सहित 5 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

दरभंगा,25 सितम्बर2023(ए)। आयकर विभाग के अन्वेषण निदेशालय की टीम आज बिहार के दरभंगा एवं समस्तीपुर के दो व्यावसायिक घरानों के देश के पांच शहरों में स्थित अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि आयकर विभाग की टीम बिहार के महन सरिया ग्रूप एवं दिव्य दृष्टि ग्रूप के दरभंगा, समस्तीपुर सहित पुणे, गुवाहाटी और कोलकाता में छापामारी कर रही है। यह दोनों व्यावसायिक घराना पशु आहार एवं आटा मिल (फ्लोर मिल) के निर्माण एवं व्यवसाय से जुड़े हैं जिनकी फैक्ट्री एवं आवासों और कार्यालय सहित विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।दरभंगा के दोनार स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक टीम अशोक कैटल फीड (पशु आहार) में छापेमारी कर रही है जबकि इससे जुड़े समस्तीपुर, पुणे, गुवाहाटी एवं कोलकाता के विभिन्न ठिकानों पर भी अलग-अलग टीम छापेमारी कर रही है। उधर एक टीम कोलकाता में दिव्यदृष्टि पोल्ट्री पर छापेमारी कर रही है। आयकर विभाग के निशाने पर दरभंगा के अशोक मंसरिया, आनंद मंसरिया और राज कुमार मंसारिया सहित समस्तीपुर के प्रकाश अनुपम शामिल हैं। सभी व्यवसायी पशु आहार के निर्माण और बिक्री के अलावा आटा मिल सहित पोल्ट्री व्यवसाय में शामिल हैं। छापेमारी दल में सौ से अधिक पदाधिकारी और कर्मी शामिल है।

नहीं थम रही चंद्रबाबू नायडू की मुश्किलें

» **कोर्ट ने न्यायिक हिरासत 5 अक्टूबर तक बढ़ाई**

विजयवाड़ा,25 सितम्बर 2023(ए)। विजयवाड़ा एसीबी अदालत ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 5 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एन. चंद्रबाबू नायडू की हिरासत रविवार को समाप्त हो रही थी। जिसके बाद उन्हें राजमुंद्री सेंट्रल जेल से अदालत में वीडियो के जरिए पेश किया गया। जज हिमा बिंदू ने उनकी न्यायिक हिरासत 11 दिनों के लिए बढ़ा दी।

नायडू की दो दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने के तुरंत बाद उन्हें न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। सीआईडी अधिकारियों ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख से जेल में दो दिनों तक पूछताछ की थी। जज ने नायडू से पूछा कि क्या पूछताछ के दौरान उन पर किसी थर्ड डिग्री का प्रयोग किया गया। सीआईडी ने अदालत से आगे की पूछताछ के लिए नायडू की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया। जज ने इन्हें याचिका दायर करने को कहा।

ललन सिंह से भिड़ गए अशोक चौधरी

» **एक-दूसरे को दी देख लेने की धमकी**

पटना,25 सितम्बर 2023(ए)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोमवार को विधानसभा प्रभारी व जदयू के मंत्रियों के साथ बैठक खत्म होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी एक-दूसरे से भिड़ गए। इस दौरान, दोनों के लहजे भी एक-दूसरे के लिए काफी तल्ख नजर आए।

यह देखकर वहां मौजूद लोग अवाक रह गए। हालांकि, जिस वक्त दोनों के बीच बहस चल रही थी, उसे समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वहां नहीं थे।

दरअसल, विवाद उस समय शुरू हुआ, जब जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी से कहा कि वह बरबीघा के मामले में क्यों हस्तक्षेप करते हैं। बता दें कि भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने बरबीघा में हर खेत को सिंचाई के लिए पानी से जुड़ी एक योजना पर सवाल उठाए थे।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि इससे वहां के विधायक को परेशानी होती है, उन्हें यह अच्छा नहीं लगता है कि कोई दूसरा आदमी उनके क्षेत्र की बात इस तरह से करें।

जवाब सुनकर भड़क गए ललन सिंह

ललन सिंह तेज आवाज में बात कर रहे थे, इस पर अशोक चौधरी ने कहा, बरबीघा मेरा भी क्षेत्र है, मैंने 20 साल तक वहां अपनी सेवा दी है। 10 साल तक उनके पिता वहां से विधायक रहे हैं। वह कुछ गलत नहीं कर रहे हैं। जो शख्स अभी बरबीघा से विधायक है, उसे हमने ही टिकट दिया था। बाद में जदयू ने उसे अपनाया।इस बात पर दोनों के बाद मामला बहस में बदल गया। पूरा प्रकरण मीटिंग हॉल के बाहर का है। इसके बाद दोनों वहां से निकल गए। ललन सिंह से जब इस बारे में संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं अशोक चौधरी ने कहा की सब कुछ नॉर्मल है। बता दें कि बरबीघा विधानसभा क्षेत्र से अभी जदयू नेता सुदर्शन कुमार विधायक हैं।

उत्तरकाशी भूकंप के झटके

देहरादून,25 सितम्बर2023(ए)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सोमवार सुबह एक बार फिर से भूकंप के झटकों से धरती डोली। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी के अनुसार, उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में आज सुबह 8 बजकर 35 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत का माहौल हो गया।

नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी के अनुसार, उत्तरकाशी जिले में सोमवार सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.0 मापी गई है। भूकंप का केंद्र हिमाचल प्रदेश से लगे मोरी ब्लॉक के कोठीगाड रेंज में बताया गया है। जारी किए गए अपडेट के मुताबिक, भूकंप का केंद्र धरती के 5 किलोमीटर भीतर था। उत्तरकाशी में आए कम तीव्रता के इस भूकंप के कारण अब तक प्रशासन की ओर से किसी भी जान-माल के नुकसान की रिपोर्ट सामने नहीं दी गई है। हालांकि, भूकंप के झटकों से लोग डरकर अपने घरों से बाहर आ गए थे। बता दें कि बीते कुछ समय से उत्तरकाशी क्षेत्र में लगातार भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं।

34 हजार के बिल भुगतान के लिए 15 हजार की रिश्वत मांगी लेखा प्रबंधक ने

» **पीड़ित ने लोकायुक्त से करवा दिया ट्रैप**

मंडला,25 सितम्बर 2023(ए)। जिला मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एनआरएचएम के लेखा प्रबंधक शरद झारिया ने सीसीटीवी और कम्प्यूटर क्रय के भुगतान के बदले रिश्वत मांगी। पीड़ित की शिकायत पर लोकायुक्त की टीम ने उन्हें 13 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

टीम प्रभारी निरीक्षक कमल सिंह उइके ने बताया कि आवेदक श्रिया आईटी के संचालक रमेश विश्वकर्मा पिता नंदकिशोर विश्वकर्मा (47) निवासी जवाहर नगर जबलपुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सीसीटीवी व कम्प्यूटर की सप्लाई की थी। इसका लगभग 34 हजार रुपए के बिल का भुगतान शेष था। इसे पास करने के लिए लेखा प्रबंधक शरद झारिया, पिता सोमराज झारिया (44) पद विकासखंड लेखा प्रबंधक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीजाडांडी लगातार रिश्वत मांग रहे थे। वह

अप्रत्यक्ष रूप से धमकी दे रहे थे। और बिल के भुगतान के एवज में 15 हजार रिश्वत की मांग कर रहे थे।

रिश्वत नहीं देने पर संचालक रमेश को अपना बिल पास करने के लिए जबलपुर से कई मर्तबा चक्कर काटना पड़ा। शरद से कई बार कहा गया कि 34 हजार के बिल में 15 हजार की रिश्वत देगा, तो कंपनी को क्या भुगतान करेगा। उसके बाद भी शरद झारिया अपनी मांग से टस से मस नहीं हुआ।

रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़वाया

शरद झारिया के व्यवहार से बुरी तरह प्रताड़ित रमेश विश्वकर्मा ने शिकायत लोकायुक्त में की। आवेदक की शिकायत सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने उसे ट्रैप करने की योजना बनाई। सोमवार को दोपहर लगभग 2.00 बजे टीम ने अस्पताल में दबिश दी। आरोपी शरद झारिया को 13 हजार 500 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

बिना रिश्वत लिए नहीं करता कोई काम

इस कार्यवाही में निरीक्षक कमल सिंह उइके, भूपेन्द्र कुमार दीवान, उपनिरीक्षक शिशिर पाण्डेय सहित पांच सदस्यों का दल रहा। बताया गया है कि लेखापाल प्रबंधक शरद झारिया आदतन रिश्वतखोर है। चाहे किसी का बिल भुगतान करना हो या किसी हितग्राही को शासन की योजना का लाभ दिलाना हो या कार्यालय के अन्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान का मामला हो। वह बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं करता।

हैदराबाद आकर चुनाव लड़ो',राहुल गांधी को ओवैसी का चैलेंज

हैदराबाद,25 सितम्बर 2023(ए)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2024 का लोकसभा चुनाव वायनाड़ की बजाय उनके खिलाफ हैदराबाद से लड़ने की चुनौती दी है। सोमवार को एक रैली में ओवैसी ने कहा, इस बार वायनाड़ से नहीं हैदराबाद में मुकाबला करो। मैं आपको (राहुल गांधी) चुनौती दे रहा हूं कि वायनाड़ मत जाओ, हैदराबाद आओ और चुनाव लड़ो। उन्होंने कहा, आप बड़े-बड़े बयान

देते रहते हैं। मैदान में आएं और मुकाबला करें। कांग्रेस के लोग बहुत कुछ कहते हैं, लेकिन मैं तैयार हूं। आइए और दाढ़ी और शेरवानी वाले इस आदमी का सामना करें। आपको पता चल जाएगा कि प्रतियोगिता का क्या मतलब है। उन्होंने आरोप लगाया, बाबरी मस्जिद और सचिवालय की मस्जिद को कांग्रेस शासन के तहत ध्वस्त कर दिया गया था।ओवैसी ने कहा, वही भाजपा सांसद जिसने संसद में बुरा कहा था, वह भी मेरे खिलाफ बोलने के लिए खड़ा हो गया था। मैंने उसे सख्ती से बैठने के लिए कहा। तुम मेरी तीखी जुबान का सामना नहीं कर सकते। कांग्रेस वाले बहुत बातें करते हैं। मैं तैयार हूँ।

राजनाथ सिंह ने स्वास्तिक बना सी-295 एयरक्राफ्ट वायुसेना को सौंपा

एचएस-748 एवरो को करेगा रिप्लेस

नई दिल्ली ,25 सितम्बर 2023(ए)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट पर स्वास्तिक बनाकर उसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर भारतीय संस्कृति के तहत विधिवत पूजा व मंत्र उच्चारण के बीच यह विमान भारतीय वायु सेवा में शामिल किया गया। सी-295 एयरक्राफ्ट भारतीय वायु सेना के सबसे आधुनिकतम ट्रांसपोर्ट विमानो में से एक है।सी-295 मीडियम लिफ्ट स्ट्रैटेजिक एयरक्राफ्ट को वायु सेना के सुपुर्द करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह मीडियम लिफ्ट सामरिक विमान बिना तैयार लैंडिंग ग्राउंड (अनप्रिपेयर लैंडिंग ग्राउंड) से उड़ान भरने और उतरने में सक्षम है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने लॉन्च की हाइड्रोजन ईंधन सेल से चलने वाली बस

नई दिल्ली ,25 सितम्बर 2023(ए)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में पहली ग्रीन हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन माना जाता है। इसमें भारत को अपने डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने की अपार क्षमता है। वर्ष 2050 तक हाइड्रोजन की वैश्विक मांग चार से सात गुना बढ़कर 50-80 करोड़ टन होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मांग मौजूदा 60 लाख टन से बढ़कर 2050 तक चार गुना बढ़कर 250-280 लाख टन होने की उम्मीद है। मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां 2030 तक सालाना लगभग 10 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने में सक्षम होंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शीघ्र ही एनसीआर क्षेत्र में अतिरिक्त 15 ईंधन सेल बसें संचालित करने की योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा, हरित हाइड्रोजन से चलने वाली यह बस देश में शहरी परिवहन का चेहरा बदलने जा रही है। मैं राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना की बारीकी से निगरानी करूंगा। पुरी ने कहा कि मंत्रालय ने हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में अग्रणी पहल की है और हम रिफाइनरियों में हरित हाइड्रोजन का उत्पादन और उपयोग करने के अपने प्रयासों में तेजी ला रहे हैं।

गडकरी ने ऑटो वाहन स्क्रैपिंग नीति को बढ़ावा देने का आग्रह किया

नई दिल्ली,25 सितम्बर 2023(ए)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को सभी हितधारकों से वाहन स्क्रैपिंग नीति का समर्थन करने का आग्रह किया। यहां एक हितधारक परामर्श को संबोधित करते हुए, गडकरी ने कहा कि यह सभी के लिए जीत की स्थिति है। इस नीति का उद्देश्य 15-20 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाना और नए वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करना है। गडकरी ने कहा कि वाहनों की लचीली मांग बनाने के लिए कई पहल शुरू की गई हैं जैसे राजमार्गों का विश्व स्तरीय नेटवर्क बनाना, बसों का विद्युतीकरण और वाहनों की अनिवार्य स्वचालित फिटनेस परीक्षण। उन्होंने कहा कि ऑटो मूल उपकरण निर्माताओं

(ओईएम) को अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए और देश को दुनिया का सबसे बड़ा ऑटो उद्योग बनने में समर्थन देना चाहिए। ऑटो उद्योग इस नीति का सबसे बड़ा लाभार्थी है, उन्हें आगे आना चाहिए और तीन मुख्य स्तंभों का समर्थन करना चाहिए... मंत्री ने कहा कि उद्योग को स्वचालित परीक्षण स्टेशन और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं की स्थापना में अधिक निवेश लाना चाहिए, जागरूकता बढ़ानी चाहिए अपने डीलर नेटवर्क के माध्यम से नागरिकों को नीतिगत लाभों के बारे में बताएं और वाहनों को स्क्रैप करने पर नागरिकों द्वारा प्राप्त जमा प्रमाणपत्रों के विरुद्ध अंतिम छूट प्रतिशत की पेशकश करें।

एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा ऐलान

आम आदमी को होंगे फायदे

नई दिल्ली,25 सितम्बर 2023(ए)। लोकसभा चुनाव से पहले महंगाई को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 200 रुपये की कटौती की। अब मिडिल क्लास को एक नया तोहफा देने की तैयारी हो रही है। दरअसल, केंद्र सरकार शहरी मध्यम वर्ग के लिए एक नई आवास योजना लेकर आ रही है। इसके तहत लोगों को बैंकों से कर्ज लेने पर ब्याज में बड़ी राहत दी जाएगी। इसके लिए सरकार अगले 5 वर्षों में 600 अरब रुपये (7.2 अरब डॉलर) खर्च करने पर विचार कर रही है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के मौके पर लाल किले से इस योजना के बारे में बताया था। हालांकि, उन्होंने विस्तार से इसकी जानकारी नहीं दी थी।

खबर में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि इस योजना के तहत 9 लाख रुपये तक के लोन पर 3-6.5त्न के बीच वार्षिक ब्याज सब्सिडी की पेशकश की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि 20 साल की अवधि के लिए लिया गया 50 लाख रुपये से कम का होम लोन प्रस्तावित योजना के लिए पात्र होगा। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि ब्याज छूट लाभार्थियों के होम लोन अकाउंट में एडवांस के तौर पर जमा की जाएगी। यह योजना साल 2028 तक के लिए लागू की जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि इस योजना से शहरी क्षेत्रों में कम आय वाले समूहों में 2.5 मिलियन लोन आवेदकों को लाभ हो सकता है।

स्कूल थप्पड़ कांड पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

» **कहा,सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए**

नई दिल्ली,25 सितम्बर 2023(ए)। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी

चाहिए। 'न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए।।

संपादकीय

महिला आरक्षण 2029 से या 2034 से ?

इसको लेकर बड़ा कंफ्यूजन है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जो महिला आरक्षण बिल पास करा कर कानून बना रही है वह कब से लागू होगा? यह सबको पता चल गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यह नहीं लागू होने जा रहा है। लेकिन यह 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू होगा या उसके बाद भी पांच साल यानी 2034 तक इंतजार करना होगा, इसे लेकर कंफ्यूजन है। यह कंफ्यूजन सरकार विरोधी कुछ यूट्यूबर्स ने फैलाया और उसे कांग्रेस नेता गुरदीप सिंह सप्पल ने और बढ़ा दिया। सप्पल ने ट्विटर यानी एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि यह बिल 2029 में भी लागू नहीं हो पाएगा। उन्होंने 2002 के परिसीमन और उसके बाद उस पर रोक लगाने वाले संविधान संशोधन कानून के आधार पर यह दावा किया कि महिला आरक्षण के लिए अभी और इंतजार करना होगा हैरानी की बात है कि लोकसभा में अमित शाह द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बावजूद कंफ्यूजन बना हुआ है।

अमित शाह ने बहुत साफ शब्दों में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जनगणना और परिसीमन का काम होगा। इसके बाद संशय खत्म हो जाना चाहिए था। लेकिन फिर भी राजनीतिक कारणों से विवाद चल रहा है। असल में 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार की ओर से किए गए संशोधन में यह प्रावधान किया गया था कि 2026 से पहले लोकसभा सीटों का परिसीमन नहीं होगा। उसमें यह भी कहा गया था कि 2026 के बाद परिसीमन की छूट होगी लेकिन वह उसके बाद होने वाली जनगणना के आंकड़ों पर होगी।

उस कानून के मुताबिक 2026 में परिसीमन का रास्ता तो साफ हो जाएगा लेकिन वह 2031 की जनगणना के आंकड़ों पर ही होगा। इसी को आधार बना कर दावा किया जा रहा है कि उस जनगणना के आंकड़े 2032-33 में आएंगे और उसके बाद परिसीमन होगा इसलिए महिल आरक्षण 2034 या 2039 में लागू होगा। लेकिन ऐसा दावा करने वाले यह भूल जा रहे हैं कि जनगणना का चक्र अब बदल गया है। 2021 में जनगणना नहीं हुई है और वह जनगणना 2024-25 में होगी इसलिए 2026 के बाद परिसीमन के लिए 2031 की जनगणना का इंतजार नहीं करना होगा। दूसरे, अगर इसके रास्ते में कोई कानूनी बाधा आती है तो सरकार जब चाहे तब संशोधन करके समय सीमा बदल सकती है, जैसे वाजपेयी सरकार ने बदला था।

राजनीति में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी की जरूरत

चुनाव जीतकर आई महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर उनके परिजनों का असंवैधानिक कब्जा तोड़ना ज़रूरी

सुनिए जी ! चुनाव जीतकर आई महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग बंद कर दीजिएगा ! वरना जनता जनार्दन वोटो से ज़वाब देना जानती है

महिला आरक्षण 33 प्रतिशत फिक्स हुआ - चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्र परिवार वालों द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकना ज़रूरी

किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

वैश्विक स्तरपर भारत नारी की पुज्यनीय भूमि है यहां आदि-अनादि काल से नारी का सम्मान किया जाता है जो मां लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा काली माता सीता इत्यादि जहां अनेक ऐतिहासिक किस्से दर्ज हैं, वहीं देश की राष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष प्रधानमंत्री सहित अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर भारतीय नारी आसीन होकर सफ़लताओं के झंडे गाढ़ चुकी है। नारी शक्ति के सम्मान को आगे बढ़ाते हुए 21 सितंबर 2023 का वह ऐतिहासिक पल इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से शामिल हो गया है, जब संसद के उच्च सदन राज्यसभा में देर रात्रि 214 वोटो से संविधान के 128 वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर नारी शक्ति वंदन विधायक 2023 पर मोहर लगाते हुए महिलाओं का विधानसभा लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण पर मोहर लगा दी। बता दें लोकसभा ने 20 सितंबर 2023 को ही 454/2 बहुमत से इस प्रस्ताव को पारित कर दिया था। बता दें स्थानीय स्तरपर भी पंचायत समितियों निकायों स्तर पर पहले भी 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू है परंतु इन स्तरोंपर महिलाआरक्षण का एक कटु सत्य अनुभव अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सुनाई देते रहता है किचुनकर आई महिलाओं के पति पुत्रों देवर या परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा महिला के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर खुद असंवैधानिक रूप से बैठकों, नीति निर्धारण, आदेशों निर्देशों, ठेकेदारी दबंगई सहित अनेक प्रत्यय किए जाते हैं यहां तक कि अपनी पत्नी मां या रिश्तेदार के संवैधानिक अधिकार के सील ठपे भी अपने पास रखते हैं और समय, धन, मांग को देखकर उसका उपयोग करते हैं। यह सब नजारे मैनें खुद ने भी हमारे स्थानीय प्रशासन में महिला पार्षद के पति या पुत्रों को करते हुए स्वयं देखा है। होता यह है कि महिला को चुनाव में भी उनके परिजनों द्वारा धूमधाम से उतारा जाता है और जिताया भी जाता है।फिर महिलाका स्थान घर हो जाता है और बाहर का खेला उनके पति या पुत्रों द्वारा किया जाता है। यानें संवैधानिक कार्य को असवैधानिक व्यक्ति विशेष द्वारा किया जाता है जिसे अत्यंत कढ़ाई से ध्यान देने को रेखांकित करना ज़रूरी है। माननीय पीएम से इस आर्टिकल के माध्यम से मेरा विशेष निवेदन है कि इस कुत्य को रोकने के लिए पार्टी और शासकीय स्तरपर नीति निर्धारण करना समय की मांग है, ताकि महिलाओं को दिखावटीभागीदारी नहीं बल्कि वास्तविक भागीदारी दिलाई जा सके। चूंकि 33 परसेंट आरक्षण पारित हो चुका है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिला आरक्षण 33 प्रतिशत फिक्स हुआ अब चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्र परिवार वालों द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकना ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम महिलाओं के रिश्तेदारों द्वारा असंवैधानिक दखलंदाजी की करें तो, महिलाओं

की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक आरक्षण कर रखा है। लेकिन नगरीय निकाय में आज भी चुनकर आई महिला पार्षदों के स्थान पर उनके पति, पुत्र, भाई, अन्य रिश्तेदार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती रही हैं। निगम में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण किया गया है। जिसके तहत पार्षद महिलाएं चुनकर आती हैं। महिला पार्षद हैं, लेकिन आधे से ज्यादा पार्षदों का कामकाज उनके पति, पुत्र, भाई, देवर या अन्य रिश्तेदार संभाल रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकारों के वर्षो पुराने आदेश को निगम आयुक्त बार बार जारी किया करते है, कि नगरीय निकायों के कामकाज संचालन के दौरान बैठक समेत अन्य कार्यों में महिला पदाधिकारी के कोई भी सगे संबंधी/रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और न ही कोई हस्तक्षेप या दखलंदाजी करेंगे। निर्देश का पालन नहीं होता है तो नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई बिना भेदभाव के और बहुत ही गंभीरता से की जाए। पंचायतों में भी महिला जनप्रतिनिधियों के पति या परिवार के अन्य सदस्य उनका कामकाज संभालते है। महिलाएं केवल मुहर बनकर रह गई है। अनेक स्थानीय निकायों में ऐसा होता है कि चुनाव से पहले पार्षद पद के लिए महिला उम्मीदवारों ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, रिश्तेदारों के साथ जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया करते है। लेकिन चुनाव के बाद कई मतदाताओं ने महिला पार्षदों की शक्ल नहीं देखी हैमतदाताओं का कहना है कि समस्याओं के निराकरण के लिए मोबाइल फोन लगाने पर महिला पार्षद के पति, पुत्र से ही बात होती है। वे समस्याएं सुनकर निराकरण करा देते हैं। महिला पार्षद के पति-पुत्र ही वार्ड विकास की रणनीति बनाते देखे जाते हैं। शहर गांव के लोगों ने जिन महिलाओं को पार्षद चुना, वे कुछ महीने बाद ही घर बैठ जाती है, जबकि उनके रिश्तेदार पार्षदी कर रहे हैं। हर 5 सालों के अंदर जनता के वोटों से शहर गांव के महिला पार्षद चुनी जाती है। लोगों ने अपने वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी लेकिन चुनी हुई महिलाओं के रिश्तेदारों ने उनके अधिकारों पर कब्जा कर लिया। मतदान का परिणाम आने तक ही महिला प्रत्याशी जनप्रतिनिधि के रूप में नजर आती हैं। जीत के बाद मोहल्लों में जुलूस भी निकाला। इसके बाद पुरुष प्रधान समाज ने महिला जनप्रतिनिधि के पार्षद पद पर कब्जा कर लेते हैं। किसी का बेटा तो किसी का भाई, भतीजा, देवर, पति और ससुर स्वयंभू पार्षद बन गए। पार्षदों के ये रिश्तेदार समय-समय पर निगम की विभागीय समितियों की बैठकों में शामिल भी होते रहे हैं।

साथियों बात अगर हम इसके नियमों की करें तो नियमानुसार चुने हुए जनप्रतिनिधि ही निगम की बैठकों में शामिल हो सकते हैं। अन्य व्यक्ति को संवैधानिक रूप से विभागीय बैठकों में बैठने का अधिकार नहीं है। निगम की व्यवस्था विधानसभा और लोक सभा की तर्ज पर ही चलती है। योजना समिति की बैठक में पार्षद के भतीजेनिगम सभागृह में, योजना समिति की बैठक में, पार्षद के रिश्तेदार शामिल होते रहे हैं। बैठक में विचार-विमर्श भी करते रहें है। बात को अनसुनी करने या कुछ कहने पर दबंगई करने से भी परहेज नहीं की जा रही है ऐसा करीब करीब अनेक नगरों में होता है।

साथियों बात अगर हम 21 सितंबर 2023 को पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 की करें त, आखिरकार राज्यसभा से भी महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास हो गया. बिल के समर्थन में 214 वोट डाले गए, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास हो गया था। अब बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद महिला आरक्षण बिल, कानून बन जाएगा हालांकि, पहले जनगणना और सीटों के परिसीमन का काम होगा. उच्च सदन में विधेयक पारित के बाद दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि महिला आरक्षण बिल को अभी भी लंबा सफर तय करना है। जनगणना और परमीसन के बाद महिला आरक्षण विधेयक साल 2029 केलोकसभा चुनाव तक ही लागू हो सकेगा। 128वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को अब अधिकांश राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी। इसे जनगणना के आधार पर संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों को फिर से तैयार करने के लिए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा. सरकार ने कहा है कि इस प्रक्रिया को अगले साल शुरू किया जाएगा

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि चुनाव जीतकर आई महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर उनके परिजनों का असंवैधानिक कब्जा तोड़ना ज़रूरी।सुनिए जी ! चुनाव जीतकर आई महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग बंद कर दीजिएगा ! वरना जनता जनार्दन वोटो से ज़वाब देना जानती है।महिला आरक्षण 33 प्रतिशत फिक्स हुआ - चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्र परिवार वालों द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकना ज़रूरी है।

प्रेम संपन्नता चाहती है

चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

प्रेम असीम पावन सा कर्म
जो करे सो जाने इनके मर्म
स्वप्न सुखद देती अविरल धारा सी
यही लगे मानों जीवन अधारा सी
इस रस समुद्र में डूबने को जी होता
न मिलने पर हृदय पल-पल रोता
प्रेमी बुनते स्वप्न असीम अपार
हृदय में रखता स्वच्छ छबि आकार
जो सुंदर-सुशील से हो सुसज्जित
धीर वचन शर्माएँ लज्जित
और कुछ न चाहती निज विचार में
दया मया ममता की हो भरमार में।
पर प्रेमिका होती अति प्रवीण
स्वप्न देखती नहीं ग्रामीण
ख्यालों में आती सुदृढ़ राजकुमार
सुख-वैभव से हो जो भरमार
पर प्रेमी तो होता दरिद्र दिशाहीन
उनके साथ कौन बजाएगा बीन?
कोई नहीं देखते झोपड़ियों के सपने
ऐसे बेरोजगारी में प्रेम नहीं पनपते
प्रेमिकाएँ संपन्नता से होती दुष्प्रेरित
जो पूंजीपतियों सा करती शोषित।।

खत

डिकेश दिवाकर
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

लिखा है जो खत तेरे नाम का
मत समझना वो है प्रेम पैगाम का ।
हमने तो लिख दी है दिल-ए-आरजू
चाहत में तेरी सनम
सुबह शाम का ।
दिल-ए-तासिर तेरा ए तबस्सुम जो
पी ली हो जैसे पैमाना-ए-जाम का ।
मदहोंशी का आलम कहें कैसे सनम
हमें कुछ याद नहीं
सिवा तेरे नाम का ।
शब-ए-तन्हाई डसती है अब मुझे
इंतजार है तो तेरे सहर-ए-पयाम का ।
तेरे तसव्वुर का फितूर है
इस तरह की
तेरा ही चित्र है
मेरे निगाह-ए-मुक़ाम का ।
दश्त-ए-तन्हाई सी
मेरे जीवन को सनम
कर नेह की बारिश
दे हरीतिमा ईनाम का ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

भौतिकवाद की आधुनिकता से विखंडित होते संयुक्त परिवार

संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़

पश्चिम दर्शन से दिग्भ्रमित युवा वर्ग

समय के परिवर्तन के साथ ही भौतिकता ने अपना परचम फैलाना शुरू कर दिया है। पाश्चात्य शैली की आधुनिकता ने वैदिक और संस्कारी परिवारों में विखंडन की बड़ी विभीषिका ने आमद शुरू कर दी है। बड़े और संस्कारी परिवार गिनती के शेष रह गए हैं। परिवारों में स्नेह,प्यार और आपसी सम्मान की भावनाओं में बेहद कमी होने लगी है। भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है। महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है। करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें। इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी

-योगेश कुमार गोयल-
नजफगढ़,नई दिल्ली

पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है।

पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य- हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया जा रहा है जबकि 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केन्द्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है।

बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं।पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

प्रभा श्री काव्य गोष्ठी मंच समर्पित रहा पुष्पा अवस्थी स्वाती जी की स्मृति को

वाराणसी,25सितम्बर 2023। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। इस सप्ताह कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम डॉ. शशिकांत शर्मा (नागपुर), अमित त्रिपाठी (जयपुर), प्रकाश कँवर (दिल्ली), सनी बघेल पुल्लू (वाराणसी) एवं प्रियांशी सिंह (मुगलसराय)द्य सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से अद्भुत काव्य की धारा बहायी। सबने भावुकता के साथ (कीर्तिशेष) पुष्पा अवस्थी स्वाती जी को काव्य के श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विविध विधाओं में सभी ने

विभिन्न विषयों पर काव्य पाठ किया। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोताओं में हरदा के नामी ग़ज़लकार जयकृष्ण चंदक तथा काशी की उभरती कवयित्री प्रतिभा मिश्रा ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से परम श्रद्धेय स्वाती जी को याद किया । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कोकिलकंठी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) की रचना के उपरांत माहौल अप्रतिम रूप से मंत्रमुग्ध करने लगा। मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती के बहुमूल्य आशीर्वचन की छत्रछाया में उनके उद्देश्य को पूरित करने का लक्ष्य लिए हुए प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश प्रभा शंकर अवस्थी जी एवं माँ स्वाती जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

अभागन

-टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

दुनिया में आने से पहले उसने अपना पिता खोया था। छः माह की थी कि माँ चल बसी थी। वह पैदा भी हुई थी ऐसे समय, कि उसका नाम अ अक्षर से रखना पड़ा था। रिश्तेदार उसे अनिता, अनिला, अल्का आदि नामों से बुला लिया करते थे। सहेलियाँ अन्नू कहा करती थीं। आठवी कक्षा पढ़ते तक दादा-दादी भगवान को प्यारे हो गये थे। उम्र होने पर वैवाहिक जीवन में बंध गयी।

ससुराल गयी। निकम्मे पति से पाला पड़ा। सुबह से ही वह

शराब की घूँट लेता पानी की जगह। दो बरस होते ही एक नन्हीं-सी जान किलकारियाँ भरने लगी। बेटा हुआ था उसका । मेहनत-मजदूरी करके गृहस्थी की गाड़ी खींचती रही कि एक दिन उसने एक बाईक-एक्सीडेंट में अपना पति खो दिया।

आज वह गाँव के एक छोटे से बाजार में चना-मुर्रा का पसरा लगाये बैठी थी। पसरे से गुजरते हुए कुछ औरतें अपने बच्चों को चेता रही थी कि उस बुढ़िया से कुछ भी नहीं लेना। बड़ी अभागन है वह। बच्चों पर किसी अभागन की छाँह नहीं पड़नी चाहिए। आखिर बात सच भी तो थी; घर में जवान विधवा बहू और दो अबोध बच्चे जो थे।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

आज के जीवन के लिए

ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई,
तमिलनाडु

अगर आप हंस सकते हैं मुस्कान
अगर आप रो सकते हैं चिल्लाएं
यदि आप इसका आनंद ले सकते हैं
आनंद लेना यदि
आप ताली बजा सकते हैं
ताली भी बजाओ
यदि नहीं,तो यह खाली है
जाने देना...
हंसना और रोना सिर्फ निष्क्रिय नहीं
और बैठे यह आपके हाथ में है
वहाँ है... कुछ करो
अगर आप पाना चाहते हैं
हंसी के साथ बिना रोये...
यहां ऐसा नहीं होगा
सिर्फ मनोरंजन के लिए
नीचे बैठे हुए
यह हमेशा मज़ेदार नहीं होता...
खड़े होना लड़ने के लिए
आपका आज
जीवन के लिए अच्छा है...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

सुनों प्रिय

गरिमा राकेश गौतम गर्विता
कोटा,
राजस्थान

मैं प्रेम कर चुकी हूँ,
अनगिनत बार तुमसे,
लेकिन म

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए आज सरगुजा को देंगे 203.44 करोड़ के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की सौगात

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 सितंबर 2023 को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए सरगुजा को 53.75 करोड़ के लोकार्पण कार्यों एवं 149.69 करोड़ के शिलान्यास कार्यों की सौगात देंगे। जिले के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री श्री बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत होंगे।

इन कार्यों का होगा लोकार्पण

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर में 20 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड, नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य एवं शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्य लागत 1.62 करोड़, दरिमा में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण लागत 71 लाख, डीएमएफ अंतर्गत अलग अलग विकासखंडों में विभिन्न निर्माण कार्य लागत 1.91 करोड़, समग्र शिक्षा अंतर्गत 9 प्राथमिक शाला स्कूलों के अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 50 लाख, राम वन गमन पर्यटन परिपथ कार्य रामगढ़, डब्ल्यूबीएम मार्ग निर्माण कार्य, अर्दन डेम निर्माण कार्य, नरवा विकास कार्य एवं निर्माण कार्य लागत 17.27 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत तटबंध, पुलिया निर्माण एवं घाट कटिंग निर्माण, सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य लागत 5.45 करोड़ शामिल है। इसी तरह लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आदिवासी बालक व कन्या छात्रावास भवन, मिनी स्टेडियम, कमिश्नर कार्यालय, सैनिक विश्राम गृह, सक्रिट हाउस में जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 17.16 करोड़, जल-जीवन मिशन के एकल ग्राम में नल जल प्रदाय 7 कार्य लागत 7.28 करोड़, अलग अलग विकासखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्यों लागत 1.82 करोड़ सहित कुल 53.75 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।



इन कार्यों का होगा शिलान्यास

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य मद अंतर्गत 25 सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास जिसकी कुल लागत 32.96 करोड़ होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 21.91 करोड़, देवगढ़ व्यपवर्तन योजना लागत 49.30 करोड़, गंगोली उदवहन योजना अंतर्गत कार्य लागत 2.08 करोड़, समग्र शिक्षा के तहत सात स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 82 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 43 कार्य लागत 3.50 करोड़, कैम्पा मद अंतर्गत 18 कार्य लागत 6.16 करोड़, नगर पालिक निगम अंतर्गत 6 कार्य लागत 8.96 करोड़, शासकीय महाविद्यालय धौरपुर का निर्माण कार्य लागत 4 करोड़, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना लागत 9.57 करोड़, क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट स्थापना कार्य लागत 7.43 सहित अन्य विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा।

कार्यक्रम में सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहदम, खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, अपेक्स बैंक के संचालक अजय बंसल, जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य राकेश गुप्ता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष रामदेव राम, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य अमृत टोप्पो, राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती नीता विश्वकर्मा, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल बिहारी यादव,कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंहदेव, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य संजय गुप्ता, राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य अरविंद गुप्ता, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य बदरूदीन एराकी, राज्य कर्मकार मंडल के सदस्य अनिल सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य सुरेश अग्रवाल एवं अभिषेक सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले के दो ग्राम पंचायत सलका व पुहपुटरा राज्य स्तर पर हुए सम्मानित

» राज्य के 15 जिलों के 17 ग्राम पंचायतों को मिला सम्मान, सरगुजा की ये पंचायतें राष्ट्रीय सम्मान हेतु भी प्रस्तावित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 अंतर्गत राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सोमवार को बिलासपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा राज्य के 15 जिलों के 17 ग्राम पंचायतों को यह सम्मान प्राप्त हुआ। इनमें सरगुजा जिले के दो ग्राम पंचायत जिनमें जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत सलका व पुहपुटरा को भी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तर पर यह गौरव प्राप्त हुआ। मिशन संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा इन पंचायतों को सम्मानित किया गया।

कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व में जिले में स्वच्छता के प्रति सजगता के साथ कार्य किया जा रहा है और ग्रामीणों में प्रचार-प्रसार के माध्यम से स्वच्छ पंचायत बनाए जाने की अलख जगायी जा रही है, जिसका सीधा परिणाम आज देखने मिला है। सम्मान प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों में भी ओडीएफ स्थाईतत्व अर्थात व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण सह उपयोग तथा ओडीएफ प्लस अर्थात ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों, स्वच्छाग्राही समूह, सक्रिय युवा सह बच्चों द्वारा सतत रूप से जन जागरूकता व प्रचार-प्रसार गतिविधि एवं कार्यक्रम किया जाता है। आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम इन दोनों ग्राम पंचायतों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। जिसमें लोगों की सहभागिता दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन व कार्य हेतु इन दोनों ग्राम पंचायतों को राज्य द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रस्तावित किया गया है।

सरिया लोड ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

बतौली ग्रामीण बैंक के पास सरिया लोड ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए शांतिपारा बतौली में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बरराम पिता भोया राम उम्र 40 वर्ष बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमा का रहने वाला था। वह रविवार को बाइक से सेंट्रल बैंक बतौली जाने निकला था। बैंक के पास पहुंचा ही था कि पीछे से सरिया लोड ट्रेलर क्रमांक एचआर 63सी 1195 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करमा पर्व

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में सोमवार को करमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका विशेष उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। आदिवासी समाज के लोग पूरे दिन उपवास रखकर पर्व की तैयारियों में जुटे रहे। शाम को धार्मिक स्थान के अलावा घरों में करमवृक्ष की पूजा-अर्चना कर मंगलमय जीवन की कामना की। शाम होते ही महिलाएं घरों में पूजा के लिए लगाए गए धान, मक्के की फसल का ज्वारा डलिया में लेकर गीत-गाते हुए करमवृक्ष में पूजा करने के लिए निकलीं। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद सामूहिक रूप से पूरी रात लोग मांदल की थाप पर पारंपरिक परिधान में नाचते गाते रहे। करमा पर्व को लेकर विशेषकर आदिवासी समाज के हर वर्ग में विशेष उत्साह देखा गया। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार भादो महीने के एकादशी को मनाया जाता है। करमा पर्व भाद्रपद शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाया जाता है। इस पर्व को आदिवासी समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी मनाते हैं। सरगुजा अंचल में इस दिन बहनें अपने भाई की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं तथा रात को करम देवता की पूजा के उपरांत प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ती हैं। इस दिन बहने अपने भाई के लिए करमा डाल का पूजा करतीं हैं।

राज्य स्तरीय ग्रामीण आवास न्याय सम्मेलन में मिशन डायरेक्टर पद्मनी भोई साहू ने

जिले के ग्राम पंचायत शंकरगढ़ को स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

बलरामपुर ,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत बलरामपुर जिले के ग्राम पंचायत शंकरगढ़ ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिला का नाम रोशन किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरगढ़ में नियमित रूप से डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, सोखता गड्ढा का निर्माण के साथ सामुदायिक शौचालय का बेहतर संचालन कर अन्य पंचायत के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत शंकरगढ़ ओ.डी.एफ. प्लस ग्राम पंचायत है, यहां की सरपंच, सचिव की सक्रियता एवं ग्रामीणजन की जागरूकता एवं सहभागिता के कारण ग्राम पंचायत शंकरगढ़ स्वच्छता के आयामों को नियमित रूप से अंगीकार कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण आवास न्याय सम्मेलन में मिशन डायरेक्टर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने ग्राम पंचायत शंकरगढ़ को उत्कर्ष ग्राम पंचायत के रूप में समानित किया गया।

12 वीं में अध्यनरत छात्राओं के लिए JEE एवं NEET की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग क्लास का हुआ शुभारंभ

- संवाददाता -
लखनपुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन पर 25 सितंबर दिन रविवार को लखनपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय और शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में 12वीं में अध्यनरत प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को छ्वश्व एवं ह्वश्वञ्ज की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग क्लास का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूरज प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। वर्तमान में यह कोचिंग विकासखंड के उत्कृष्ट शिक्षकों के द्वारा ऑफलाइन संचालित किया जाएगा।आने वाले समय पर यह कक्षाएं ऑनलाइन भी संचालित की जाएगी जिसमें देश के प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटर के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं राज्य शिक्षण अनुसंधान परिषद रायपुर के एडुसेट के ई विद्या चैनल 72 पर ऑनलाइन तथा गूगल मीट के माध्यम से डेढ़ सौ केंद्रों में बैठे विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों के द्वारा दिया जाएगा बच्चों की तैयारी हेतु आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कोचिंग सेंटर में JEE हेतु 50 एवं NEET हेतु 50 छात्र-छात्राओं का चयन मेरिट के आधार पर किया गया है ।जिसमें JEE एवं NEET की परीक्षा परिणाम बेहतर आए एवं योग्य छात्राओं का चयन हो। सके कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर सूरज प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों को निशुल्क काफी पेन प्रदान किया गया है। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य आर के विश्वकर्मा, शशिधर पांडे, संजय कुमार वर्मा, भागवत देवांगन, राकेश सिंह, रामलोचन राजवाड़े, विकासखंड के उत्कृष्ट शिक्षक अपूर्व कुमार प्रधान, सरफराज खान, देवेश कुमार वर्मा, निवास तिवारी एवं विद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेमीफाइनल में कंदरई को हराकर सरगुजा इलेवन फाइनल में

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे स्व. एमएस इक्षसह देव स्मृति नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत सोमवार को प्रथम सेमीफाइनल मैच सरगुजा इलेवन व कंदरई के मध्य खेला गया। जिसमें सरगुजा इलेवन की टीम ने 3-0 गोल से कंदरई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रथम हाफ में दोनों टीमों ने बेहतर ताल मेल के साथ खेलते हुए 0-0 गोल पर रहे। दूसरे हाफ में सरगुजा इलेवन के खिलाड़ी उजीत मरकाम, धनश्याम तथा बाल साय ने मिलकर लगातार एक-एक कर तीन गोल कर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता के तहत दूसरा समीफाइन मैच मंगलवार को सरगुजा पुलिस व जशपुर इलेवन के मध्य खेला जाएगा। इस मैच में जीतने वाली टीम ने बुधवार को फाइनल में सरगुला इलेवन के साथ भीड़ेगी।

शासकीय स्कूल भवन की बाउंड्रीवॉल पर निजी अस्पताल का प्रचार लिखवाना कितना सही ?

» प्राथमिक शाला ठीहाईपारा विकासखंड रामानुजनगर जिला सूरजपुर की बाउंड्रीवॉल पर निजी अस्पताल का लिखा गया है प्रचार

» यदि शासकीय प्राथमिक शाला की है बाउंड्रीवॉल तो क्या प्रचार लिखवाने की निजी अस्पताल ने ली है शिक्षा विभाग से मंजूरी ?

- ओंकार पांडेय -
सूरजपुर, 25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्राथमिक शाला ठीहाईपारा विकासखंड रामानुजनगर जिला सूरजपुर की बाउंड्रीवॉल पर निजी अस्पताल का लिखा गया है प्रचार। प्रिंटरिच वातावरण बनाने के लिए बाउंड्रीवॉल का किया जा सकता था उपयोग,निजी अस्पताल का प्रचार कितना उचित? यदि बाउंड्रीवॉल है शासकीय स्कूल की तो क्या यह है नियमानुसार,क्या शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर किया जा सकता है निजी प्रचार? स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मामले से क्यों बने बैठे हैं अनभिज्ञ यदि शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर है निजी अस्पताल का प्रचार। यदि शासकीय प्राथमिक शाला की है बाउंड्रीवॉल तो क्या प्रचार लिखवाने की निजी अस्पताल ने ली है शिक्षा विभाग से मंजूरी?

शासकीय स्कूल की दीवार पर निजी अस्पताल के प्रचार का एक मामला जिले में सामने आया है और बताया जा रहा है की एक प्राथमिक स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर एक निजी अस्पताल का प्रचार लिखा गया है वह भी स्कूल के बिलकुल सामने के भाग के बाउंड्रीवॉल पर। यह मामला यह सवाल खड़ा करता है की क्या यह नियमनुसार सही है यदि बाउंड्रीवॉल शासकीय प्राथमिक स्कूल की है क्योंकि स्कूल की दीवारों पर निजी प्रचार किसी संस्था या अस्पताल के करने की इजाजत शिक्षा विभाग का नहीं हो सकता क्योंकि शासकीय स्कूल की दीवार पर प्रिंटरिच सामग्रियों का लेखन ही शिक्षा विभाग का नियम है जिससे छात्रों को कुछ सीखने का अवसर प्रिंटरिच दीवारों को देखकर मिल सके।

अब सूरजपुर जिले के रामानुज नगर के ठीहाईपारा के प्राथमिक शाला में एक निजी अस्पताल का जो प्रचार लिखा नजर आ रहा है और जो तस्वीर देखकर समझा जा सकता है वह किसके अनुमति से लिखवाया गया यह बड़ा प्रश्न है,क्या शिक्षकों को इसकी जानकारी नहीं थी या जब उन्हे जानकारी हुई तो उन्होंने क्या इसको लेकर कोई पत्राचार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराने के लिए किया क्या यह भी सवाल है। अब मामले में यदि सच्चाई है और बाउंड्रीवाल शासकीय प्राथमिक शाला की है तो अब क्या आगे की कार्यवाही विभाग करेगा यह भी देखने वाली बात होगी। वैसे नियमानुसार यह गलत है और किसी शासकीय भवन सहित शासकीय बाउंड्रीवॉल पर खासकर स्कूल की बाउंड्री वॉल पर कभी निजी प्रचार की अनुमति नहीं मिलती विभाग से न ही यह सही है यह बताया गया है जानकारों द्वारा। वैसे यह एक स्कूल की तस्वीर है जो समाने आई है,यदि एक स्कूल की बाउंड्रीवॉल पर निजी अस्पताल ने प्रचार का किया गया है तो अन्य स्कूलों की दीवारों पर भी प्रचार किया गया होगा जिले के और उसकी भी जानकारी विभाग को एकत्र करानी चाहिए और इस पर आपत्ति दर्ज कर इसे मिटवाना चाहिए।

थाना जयनगर पुलिस ने जुआ खेल रहे 5 जुआड़ियों को पकड़ा, 26300 रूपये किया जफ्त

- संवाददाता -
सूरजपुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कार्यो एवं जुआ खेलने वालों पर लगातार थाना-चौकी के पुलिस की कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में बीते रात्रि को जयनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम पण्डोनगर में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पांचू, गौतम मण्डल, ठाकुर बाईन, गोपी राजवंशी व सुधानो मण्डल को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 26300 रूपये जप्त कर इन सभी के विरूद्व छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई रघुवंश सिंह, वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, बृजकिशोर ध्रुर्वा व सैनिक नोहर सक्रिय रहे।

रिश्तों में आई खटास: वीजा सेवाओं पर भारत की कार्रवाई से परेशान कनाडाई रक्षा मंत्री;जताई चिंता,कही यह बात

नई दिल्ली,25 सितम्बर 2023। खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की मौत के बाद से ही भारत और कनाडा के रिश्तों में दरार आई है। कनाडा के प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय खुफिया एजेंसी पर निज्जर की हत्या के आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद से ही भारत और कनाडा एक-दूसरे को रास नहीं आ रहे हैं। आरोपों के बाद भारत द्वारा कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया। अब कनाडा के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने भारत के इस कदम को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, हमने भारत से निज्जर हत्या की जांच में पूरा सहयोग करने का आग्रह किया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि उचित तरीके से हल करने के लिए मिलकर काम करें।

ब्लेयर ने रविवार को कनाडा के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक सीबीसी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा, हमें विश्वास है कि हमारे पास बहुत विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे हम बहुत चिंतित हैं और आरसीएमपी (रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस) ने अब जांच शुरू कर दी है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह भारत द्वारा अपनाए गए कुछ कदमों के बारे में चिंतित हैं, ब्लेयर ने कहा, मैं उन कदमों के बारे में चिंतित हूं जो वे उठा रहे हैं क्योंकि हमारे देश में एक बहुत महत्वपूर्ण भारतीय-कनाडाई आबादी है। वे सभी लोग परिवार और व्यवसाय तथा अन्य रिश्तों के माध्यम से भारत से जुड़े हुए हैं।

वहीं, द वेस्ट ब्लॉक पर रविवार को प्रसारित एक अलग साक्षात्कार में, ब्लेयर ने भारत के साथ संबंधों को महत्वपूर्ण बताते हुए सुझाव दिया कि आरोपों की जांच जारी रहने तक कनाडा इंडो-पैसिफिक रणनीति जैसी साझेदारियों को आगे बढ़ाता रहेगा।

ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को एक कार पार्किंग में खालिस्तानी आंतकी निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जस्टिन ट्रूडो ने अपने संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि भारतीय खुफिया एजेंट इस हत्या में संलिप्त हो सकते हैं। आरोपों के बाद से भारत और कनाडा आमने-सामने है। भारत ने 2020 में ही निज्जर को आंतकवादी घोषित किया था।

भारत ने आरोपों पर दी थी प्रतिक्रिया

कनाडा पीएम ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों पर भारत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि ये सभी आरोप बेतुके हैं। इस मामले में ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में भारत ने भी एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। भारत ने पिछले सप्ताह कनाडा से सक्रिय आतंकवादियों और भारत विरोधी तत्वों पर कार्रवाई करने को कहा था।

भारत ने कनाडा से देश में अपने राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिए भी कहा था। यह तर्क देते हुए कि आपसी राजनयिक उपस्थिति में ताकत और रैंक में समानता होनी चाहिए। भारत में कनाडाई राजनयिक कर्मचारियों का आकार नई दिल्ली के कनाडा से बड़ा है।

कनाडा प्रधानमंत्री ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा, कनाडा ने निज्जर की हत्या पर कई सप्ताह पहले सबूत भारत के साथ साझा किए थे। वह चाहते हैं कि नई दिल्ली बहुत गंभीर मामले में तथ्यों को स्थापित करने के लिए ओटावा के साथ रचनात्मक रूप से प्रतिबद्ध हो।

बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 पहुंची

ढाका,25 सितंबर 2023। बांग्लादेश में इस साल अब तक सामने आए 187,725 मामलों में से डेंगू बुखार से 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इसका पता स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से चला है।

रिपोर्ट में जिक्र है कि स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 शामिल हैं।

डीजीएचएस के अनुसार अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए।

दक्षिण एशियाई देश में पिछले 24 घंटों में 16 मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है।

जून-सितंबर की मानसून अवधि बांग्लादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

बेटे की मौत से निराश भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए चलाया अभियान,लोगों से की अपील

लंदन,25 सितम्बर 2023 । ब्रिटेन में एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने मरीजों के अधिकारों के लिए %पेशेंट लाइव्स मैटर% नामक अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान को शुरू करने वाले जय पटेल के बेटे की बीते दिनों मौत हो गई थी। जय पटेल का मानना है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनके बेटे की मौत हुई। इसकी जांच चल रही है। बता दें कि जय पटेल का आरोप है कि इस महीने की शुरुआत में उनके 30 वर्षीय बेटे बलराम की लंदन स्थित अस्पताल में सही इलाज ना मिलने और सही देखभाल ना मिलने के चलते जान चली गई थी।

अभियान की शुरुआत में अपने बयान में जय पटेल ने कहा कि उनका बेटा बलराम बहुत दर्द और परेशानी में मरा और समय से पहले उसकी जान चली गई। इसकी वजह इलाज और देखभाल में कमी थी। हमारा मानना है कि सरकार इस दिशा में मजबूत कदम उठा रही है कि रोगी की देखभाल में क्या गलत हुआ। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि रोगी को कोई नुकसान ना हो। जय पटेल ने इस मामले में लोगों से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की है।

जय पटेल ने कहा कि अपने बलराम के जाने से हम बहुत दुखी हैं। पेशेंट लाइव्स मैटर अभियान के तहत हम चाहते हैं कि संसद में भी इस पर चर्चा हो और बदलाव आए। इससे पहले ब्रिटेन में मार्था रूल नाम से भी एक अभियान चलाया गया था, जिसमें दूसरी सलाह लेने की स्वतंत्रता देने की मांग की गई है। 13 साल की मार्था की साल 2021 में सेप्सिस के कारण मौत हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां ने इस अभियान की शुरुआत की। ब्रिटेन की सरकार ने भी इस अभियान को समर्थन दिया है।

नाजी सैनिक को सम्मान देना घृणित,रूसी राजदूत बोले- कनाडा यूक्रेनी नाजियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह

नई दिल्ली,25 सितम्बर 2023 । कनाडा की संसद में एक पूर्व नाजी सैनिक को सम्मानित करने के कृत्य को घृणित करार देते हुए भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि अज्ञानता के लिए माफी मांगना पूरी तरह से हास्यास्पद है। राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कनाडा को यूक्रेनी नाजियों के लिए ÷सुरक्षित पनाहगाह÷ कहा।

अलीपोव ने कहा, ÷कनाडा यूक्रेनी नाजियों के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग रहा है और बना हुआ है। उन्होंने कहा अज्ञानता के लिए माफी मांगना हास्यास्पद है, जबकि खड़े होकर तालियां बजाना सब कुछ जाहिर करता है। भगवान का शुक्र है कि जेलेंस्की के दादा यह देखने के लिए जीवित नहीं हैं कि उनका पोता क्या बन गया है।÷ उन्होंने लिखा यह घृणित है।÷ शुक्रवार को, राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की की यात्रा के दौरान कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में एक 98 वर्षीय यूक्रेनी अप्रवासी यारोस्लाव हुंका को युद्ध नायक के रूप में सम्मानित किए जाने के बाद, एक महत्वपूर्ण विवाद छिड़ गया। इस बीच, कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर एंथनी रोटा ने कनाडा और दुनिया भर में यहूदी समुदायों से माफी मांगी है। उन्होंने 22 सितंबर को कनाडा की संसद में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन के दौरान गैलरी में हुंका की प्रशंसा की थी।

रोटा ने एक बयान में कहा, ÷शुक्रवार, 22 सितंबर को, यूक्रेन के राष्ट्रपति के संबोधन के बाद मेरी टिप्पणी में, मैंने गैलरी में एक व्यक्ति की प्रशंसा की। मैं उनके बाद में अधिक जानकारी से अवगत हो गया हूं जिसके कारण मुझे ऐसा करने के अपने फैसले पर पछतावा होता है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि साथी सांसदों और यूक्रेन प्रतिनिधिमंडल सहित किसी को भी मेरे भाषण देने से पहले मेरे इरादे या मेरी टिप्पणियों के बारे में पता नहीं था। कनाडा के विपक्ष के नेता पियरे पोइलीवरे ने एसएस (एक नाजी डिवीजन) के 14वें वाफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के एक वेटरन से मिलने और सम्मानित करने के लिए कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की आलोचना की। उन्होंने ट्रूडो से इस मामले में माफी मांगने को कहा।

पोइलीवरे ने कहा कि उदारवादियों ने इस सप्ताह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की कनाडा यात्रा के दौरान हाउस ऑफ कॉमन्स में नाजी दिग्गजों को मान्यता देने का इंतजाम किया। उन्होंने इसे ट्रूडो की ओर से लिए गए निर्णय में एक ÷भयावह त्रुटि÷ कहा, जिनका कार्यालय सभी मेहमानों की व्यवस्था और जांच करने और इस तरह की राजकीय यात्राओं के का प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बीते शुक्रवार को कनाडा की संसद को संबोधित किया और कहा कि यूक्रेन की जीत के साथ रूस की आक्रामकता समाप्त होनी चाहिए। उन्होंने कीव के निरंतर समर्थन के लिए कनाडा को बार-बार धन्यवाद दिया। जेलेंस्की के साथ यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का भी थीं। हाउस ऑफ कॉमन्स में पहुंचने पर उनका खड़े होकर अभिवादन किया गया।

होस्टाईल हो रहे प्रार्थी एवं गवाहों के संपर्क में रहें विवेचक

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आईजी अंकित गर्ग द्वारा दोष मुक्ति प्रकरणों के संबंध में रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक ली गई। उक्त समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से ऐसे मामलों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

आयोजित समीक्षा बैठक में आईजी गर्ग द्वारा कहा गया कि किसी भी मामलों में प्रकरणों के विवेचकों द्वारा विवेचना में किए जाने वाले त्रुटियों को दूर करने हेतु एवं भौतिक साक्ष्यों को सावधानी से एकत्र करने हेतु अभियोजन अधिकारियों को सुझाव दिए। होस्टाईल हो रहे प्रार्थी एवं गवाहों को उनके द्वारा दिए गए अभिमत, कथन पर कायम रहने हेतु विवेचकों को प्रकरण के प्रार्थियों के साथ लगातार सम्पर्क में रहने हेतु निर्देशित किए। जिससे की प्रकरण के प्रार्थी एवं गवाह अपने कथन को न्यायालय में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से कथन दे सके जिसके फलस्वरूप आरोपी न्यायालय से विचारणों उपरांत दोष सिद्ध हो सके एवं अपराधी द्वारा उसके किए गए अपराध की समुचित सजा मिल सके।

महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित गंभीर प्रकरणों जैसे बलात्कार एवं पास्को एक्ट के मामलों में एफआईआर करवाने वाले प्रार्थी जिनका न्यालयाय में 164 सीआरपीसी के अंर्तगत कथन लिया गया है, वो अगर न्यालयाल में ट्रायल के दौरान होस्टाईल होते हैं तो उनके विरुद्ध धारा 344 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्यवाही हेतु लोक अभियोजन के माध्यम से माननीय न्यायलय में आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में चर्चा की गई। जिसके संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है। साथ ही सडक़ दुर्घटनाओं के प्रकरणों में हो रहे दोषमुक्ति के कारणों की सामीक्षा कर विवेचना में आवश्यक सुधार हेतु कार्यशाला आयोजन करने का सुझाव दिए। सब गंभीर मामलो में विस्तृत चर्चा हुई। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आईके एलिसेला, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डॉ.लाल उमेद सिंह, पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल, पुलिस अधीक्षक एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी एवं संयुक्त संचालक अभियोजन सरगुजा संभाग मुकुला शर्मा सहित समस्त जिला अभियोजन अधिकारी मौजूद रहे।

जिले में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का हुआ शुभारंभ

» विशेषज्ञ शिक्षकों से ऑनलाइन कोचिंग के जरिए मिलेगा मार्गदर्शन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणानुसार इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में युवा छात्र छात्राओं की मदद के लिए ऑनलाइन स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ विकासखण्ड अम्बिकापुर सहित सभी सातों विकासखण्डों में 25 सितंबर से किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केदारपुर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे की उपस्थिति एवं प्राचार्य श्रीमती रूमि घोष की अध्यक्षता में योजना की शुरुआत की गई। इस दौरान रविशंकर पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी, एल.पी.गुप्ता, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर, आर.एल.मिश्र, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे ने बताया कि स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना शासकीय शैक्षणिक शालाओं के कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के उन छात्र एवं छात्राओं के लिए उपलब्ध रहेगी, जो इंजीनियरिंग आईआईटी एवं जेईई तथा मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नीट की तैयारी करना चाहते हैं। स्वामी आत्मानंद ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा चयनित संस्थाओं द्वारा की जायेगी। इस कोचिंग में प्रवेश हेतु प्रत्येक विकासखण्ड के शासकीय शालाओं में कक्षा बारहवीं के अध्ययनरत 50-50 विद्यार्थियों को संबंधित प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल परीक्षा की तैयारी हेतु प्रवेश दिया जायेगा जिसके मूल्यांकन के लिए एससीआरटी द्वारा मानक मूल्यांकन तैयार किया जायेगा। विकासखण्ड अम्बिकापुर के कोचिंग केन्द्र शास.उ.मा.वि.केदारपुर सहित समस्त विकासखण्डों में विद्यालय संचालन अवधि के पश्चात ऑफलाइन डाउट क्लासेस भौतिक, रसायन,जीवविज्ञान एवं गणित विषय हेतु विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन उपलब्ध करायी जायेगी। जहां विद्यार्थी विषयगत समस्याओं को संबंधित शिक्षकों से ऑफलाइन मोड में मार्गदर्शन प्राप्त कर निराकरण कर सकेंगे। इसके लिए विकासखण्ड अम्बिकापुर सहित जिले सभी विकासखण्डों के चयनित विषय विशेषज्ञ शिक्षक प्रतिदिन कोचिंग केन्द्र पर उपलब्ध रहेंगे।

विधानसभा निर्वाचन 2023

राजनैतिक दलों से चर्चा उपरांत 15 मतदान केन्द्रों के नाम में होगा बदलाव

» 4 मतदान केंद्रों के स्थल एवं 12 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन प्रस्तावित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा चुनाव 2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में आवश्यक कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में राजनैतिक दलों से चर्चा उपरांत मतदान केंद्रों के नाम, स्थल और भाव परिवर्तन के प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 20 सितंबर को जिला कार्यालय की सभाकक्ष में आयोजित हुई उक्त बैठक में 12 मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, 4 मतदाना केन्द्रों के स्थल परिवर्तन एवं 15 मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन प्रस्तावित हैं। समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल से चर्चा उपरांत मतदान केन्द्र के भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग को अनुमोदन हेतु प्रेषित किए गए हैं।

बैठक में विधानसभावार भवन परिवर्तन प्रस्ताव के संबंध में विधानसभा 09-लुण्ड्रा के मतदान केन्द्र क्रमांक 247 लब्जी, शासकीय प्राथमिक शाला लब्जी भवन को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लब्जी, विधानसभा 10-अम्बिकापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 55-मायापुर-2, शासकीय प्राथमिक शाला मायापुर महामाया वार्ड (अतिरिक्त कक्ष) को मतदान केन्द्र क्रमांक 56 को प्रतिस्थापित करने के कारण शासकीय प्राथमिक शाला, मायापुर महामाया वार्ड (मध्य कक्ष) प्रस्तावित, मतदान केन्द्र क्रमांक 56-मायापुर-3, शासकीय प्राथमिक शाला मायापुर महामाया वार्ड (मध्य कक्ष) को मतदान केन्द्र में अधिक मतदाता होने के कारण शासकीय प्राथमिक शाला, मायापुर महामाया वार्ड (अतिरिक्त कक्ष) प्रस्तावित, मतदान केन्द्र क्रमांक 35-भगवानपुर शासकीय प्राथमिक शाला भगवानपुर को मतदान केन्द्र में अधिक मतदाता होने के कारण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर (पुस्तकालय कक्ष) प्रस्तावित तथा विधानसभा 11-सीतापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 23 कर्रा-1, 68-घुटरापारा, 112-असकरा, 117-आमगांव, 131-बरिमा, 148 पेंट, 238-ढोढागांव, 240-कुनमेरा-1 के भवनों को भी प्रस्तावित किया गया।

स्थल परिवर्तन के संबंध में विधानसभा 10-अम्बिकापुर के मतदान केन्द्र 138 श्रीगढ़ शासकीय प्राथमिक शाला श्रीगढ़ को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागढ़, 37 बंगाली पारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ शासकीय हिन्दी माध्यम विद्यालय गांधीनगर अम्बिकापुर (कक्ष-01) को सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्र दुकान क्रमांक 391001047 , श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड-03 अम्बिकापुर, एवं 98 सियान सदन, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला नमनाकला को सियान सदन नमनाकला में प्रस्तावित किया गया है। विधानसभा 11-सीतापुर के मतदान केन्द्र 244-केरजू-1 प्राथमिक शाला केरजू को ग्राम पंचायत भवन केरजू किया जाना प्रस्तावित है।

इसी तरह नाम परिवर्तन प्रस्ताव के संबंध में विधानसभा 09-लुण्ड्रा के मतदान केन्द्र 22-नवापारा-1, 45 कुन्दीकला (ख), 135 झेराडीह (ख), 221-जमगंवा, 231 कुंवरपुर-2, 245 कुन्नी एवं विधानसभा 11-सीतापुर के मतदान केन्द्र 242 कुनमेरा-3, 243 कुनमेरा-4, 173 आरा-2, 186 रजौटी-2, 110 रोपाखार-1, 189 सूर-1, 114 कलजीवा तथा 137 नर्मदापुर-4 को शासकीय प्राथमिक शाला हरिजनपारा का नाम परिवर्तन शासकीय प्राथमिक शाला अम्बेडकर नगर के रूप में किया जाना प्रस्तावित है।

क्या नियम विरुद्ध तरीके से संचालित

शर्मा अस्पताल पर प्रशासन कर पाएगा कार्यवाही ?

क्या भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला कोरिया संयोजक डॉक्टर का अपना अस्पताल ही है नियम विरुद्ध तरीके से संचालित व निर्मित ?

क्या अस्पताल भवन को नहीं मिला है नगर पालिका से अनापत्ति,क्या नगर ग्राम निवेश विभाग से भी नहीं मिली है अनापत्ति निर्माण की ?

क्या भवन जिस भूमि पर निर्मित है वह नहीं है आज भी व्यपवर्तित,क्या नहीं है निर्माण की अनुमति ?

शहर निवासी संजय अग्रवाल की शिकायत के बाद डॉक्टर शर्मा की तरफ से भूमि व्यपवर्तन का आवेदन एसडीएम कार्यालय में हुआ जमा

क्या प्रभावशील व्यक्ति है इस वजह से डायवर्सन जल्द होगा ?

शर्मा अस्पताल प्रबंधन प्रभावशाली है खासकर डॉक्टर शर्मा जो भाजपा नेता हैं वह काफी ऊंची पकड़ रखते हैं। अब उनकी ऊंची पकड़ पहुंच है क्या इस वजह से अस्पताल प्रबंधन सदस्य डॉक्टर श्रीमती रजनी शर्मा की तरफ से प्रस्तुत डायवर्सन आवेदन पर जल्द कार्यवाही होगी जल्द उन्हे अनुमति मिल जायेगी यह भी बड़ा सवाल है।क्या राजस्व विभाग यह आंकलन किए ही डायवर्सन की अनुमति दे देगा की वहां जिस भूमि का डाईवर्सन चाहा गया है वहां या उक्त भूमि का दशकों से अस्पताल बनाकर व्यापारिक उपयोग किया जा रहा है क्या इसकी जांच नहीं करेगा राजस्व विभाग।

क्या नगर एवं ग्राम निवेश कार्यालय बिना जुर्माना ठोंके देगा नगरी निवेश का प्रमाण-पत्र ?

यदि शर्मा अस्पताल बिना व्यपवर्तित भूमि पर बिना नगरपालिका से अनुमति प्राप्त किए बिना नगर एवं ग्राम निवेश से अनापत्ति प्राप्त किए हुए शहर की भूमि कृषि भूमि पर निर्मित एवम संचालित है दशकों से तो क्या अब अस्पताल को आसानी से अनुमति अनापत्ति जारी कर देगा नगरपालिका साथ ही नगर एवम ग्राम निवेश कार्यालय यह भी बड़ा सवाल है। आम आदमी यदि बिना अनुमति शहरी क्षेत्र में घर का निर्माण करता है वहीं वह उसमे कोई व्यवसाय भी स्थापित कर लेता है और इसकी जानकारी या शिकायत नगर निवेश ग्राम निवेश कार्यालय को होती है तो वह आम आदमी पर कई गुना का जुर्माना ठोंकती है,क्या शर्मा अस्पताल पर भी कई गुना जुर्माना किया जायेगा जबकि शर्मा अस्पताल मामले में शिकायत यदि सही है तो यह तीन दशकों से ज्यादा समय से संचालित है निर्मित है और अब जिसकी शिकायत हुई है की वह बिना अनुमति ही निर्मित संचालित है। वैसे अस्पताल यदि दशकों से बिना अनुमति अनापत्ति संचालित है निर्मित है तो इसका जुर्माना बहुत ज्यादा होना चाहिए नियमानुसार यह जानकारों का कहना है।वैसे शर्मा हॉस्पिटल संचालक प्रभावशाली हैं और वह खुद को इन मामलों से यूंही निकाल ले जायेंगे यह वह कहते भी रहते हैं जो सूत्रों का ही कहना है।

आखिर 35 साल से बिना दस्तावेज के कैसे संचालित हो रहा था शर्मा अस्पताल ?

वैसे शिकायत यदि सही पाई जाती है तो सवाल यह भी है की 35 वर्षो से बिना अनुमति बिना अनापत्ति कैसे यह अस्पताल संचालित था। क्या स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग,नगर पालिका,नगर एवम ग्राम निवेश कार्यालय अनभिज्ञ था। वैसे सवाल यह भी है की यदि अस्पताल भवन यदि बिना डायवर्सन बिना अनुमति अनापत्ति निर्मित संचालित था तो वह कर भी चोरी कर रहा था। अब क्या पूरी वसूली होगी यदि कर की चोरी की गई है यह भी बड़ा सवाल है।कर जो आजतक चोरी किया गया यदि शिकायत सही है तो उसकी वसूली का क्या आधार होगा यह भी तय करना संबंधित विभाग का अधिकार और जिम्मेदारी होगी,अब यदि आरोप सही हैं तो यह देखना भी जरूरी है की आम आदमी मामले में जुर्माना और नियमो का हवाला देने वाला संपूर्ण शासकीय विभाग और तंत्र शर्मा हॉस्पिटल मामले में नियमो और कायदों का कितना ध्यान देता हैं।



-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर राकेश शर्मा के निजी अस्पताल को लेकर रोज नया खुलासा हो रहा है और जिस तरह डॉक्टर शर्मा ने विभिन्न शिकायतों के बाद राजस्व कार्यालयों में आवेदन देकर अनुमति लेने का प्रयास जारी किया हुआ है उससे यह साबित भी होता नज़र आ रहा है की आरोप सत्यता के करीब है और किसी ने उनकी वह दुखती रग पकड़ ली है जिसको लेकर आज तक सभी अनभिज्ञ थे। शर्मा अस्पताल जो तीन दशकों से भी ज्यादा समय से संचालित है वह बिना अनुमति संचालित है ऐसा एक आरोप एक शिकायत बैकुंठपुर निवासी संजय अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर लगाया है दर्ज कराई है और जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले में शर्मा हॉस्पिटल संचालक को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है वह भी तीन दिवस के भीतर की क्या सही मायने में हॉस्पिटल बिना अनुमति संचालित है क्या नर्सिंग एक्ट अधिनियम का उलंघन किया गया है वहीं कुल आठ बिंदुओ के आधार पर हॉस्पिटल संचालक से जवाब मांगा गया था। हॉस्पिटल संचालक को 20 सितंबर को नोटिस भेजा गया था और संचालक एवम संस्था से तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था इस हिसाब से तीन दिवस का समय पूरा हो गया और डॉक्टर ने या हॉस्पिटल प्रबंधन ने क्या जवाब दिया क्या जवाब दिया भी की नहीं यह अब सामने आना बाकी है और यदि जवाब दिया और वह संतोषप्रद नहीं पाया गया वहीं जवाब यदि नहीं दिया गया तो अब स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया क्या कार्यवाही करने वाला है क्या वह पत्र में उल्लेखित कार्यवाही अनुशासनात्मक करने वाला है यह बड़ा सवाल है। वैसे शर्मा हॉस्पिटल संचालक को लेकर यह माना जाता है की नियमो से खिलवाड़ और उनकी अनदेखी उनके लिए नई बात नहीं है और वह बड़े राजनीतिक दल से भी जुड़े हुए हैं इसलिए वह खुद को राजनीतिक संरक्षण लेकर बचा ले जायेंगे। वैसे जानकारी अनुसार डॉक्टर शर्मा और उनके निजी अस्पताल मामले में शहर के निवासी संजय अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग सहित सहायक संचालक नगर एवम ग्राम निवेश को पत्र लिखा है और उसके बाद से ही डॉक्टर शर्मा भी सक्रिय नजर आ रहे हैं और वह इधर उधर कई कार्यालयों में आवेदन दे रहे हैं।

स्पष्टीकरण का मोहलत भी हुआ खत्म और मिले की मोहलत ?

संजय अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग को जो शिकायत की है साथ ही नगर एवम ग्राम निवेश कार्यालय में जो उन्होंने शिकायत की है उसके अनुसार और उसके ही परिणाम स्वरूप स्वस्थ्य विभाग जिला कोरिया ने आठ बिंदुओ पर शर्मा अस्पताल संचालक से जवाब तीन दिवस के भीतर मांगा है जिसकी समयावधि भी समाप्त हो चुकी है और जिसमे स्वास्थ्य विभाग ने यह उल्लेखित किया है की तीन दिवस के भीतर जवाब यदि संतोषप्रद नहीं मिलता है तो वह हॉस्पिटल अस्पताल पर अनुशासनात्मक साथ ही वैधानिक कार्यवाही नियमानुसार करने बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी संस्था मतलब अस्पताल प्रबंधन की होगी,यहां यह बतलाना जरूरी है की अस्पताल में जारी सुविधाओं में से अधिकांश सुविधाएं महिला चिकित्सक के नाम से जारी हैं और प्रसव सहित कई मामलो में उन्ही के नाम से अस्पताल प्रसिद्ध भी है वहीं वहां इलाज सहित सुविधाओं पर नियंत्रण किसका है यह सभी जानते हैं। वैसे शिकायतकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग के अलावा नगर एवम ग्राम निवेश विभाग में भी शिकायत की है और उसमे उल्लेख किया है की हॉस्पिटल भवन न तो नगर पालिका से अनुमति लेकर बना है और न ही नगर एवम ग्राम निवेश से ही उसे अनापत्ति मिली है,अस्पताल हॉस्पिटल कृषि भूमि पर बना है और भूमि का व्यपवर्तन भी नहीं कराया गया है यह भी शिकायत में लिखा गया है जबकि भवन में अस्पताल हॉस्पिटल संचालित है और उसका व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है जो की गलत है और इस हिसाब से उस अस्पताल हॉस्पिटल का पंजीयन कैसे हुए नर्सिंग होम एक्ट के तहत यह बड़ा सवाल है क्योंकि भवन निर्माण की समस्त अनुमति अनापत्ति सहित भूमि व्यपवर्तन के बिना अनुमति मिलना सवालों के घेरे में है। शिकायत के बाद अब अस्पताल हॉस्पिटल की तरफ से व्यपवर्तन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो महिला डॉक्टर के नाम से प्रस्तुत है जो भाजपा नेता चिकित्सक की पत्नी हैं डॉक्टर भी हैं।

शिकायत के बाद डायवर्सन के लिए लगा आवेदन

बैकुंठपुर निवासी संजय अग्रवाल की शिकायत वहीं उनकी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया से जारी जवाबी नोटिस जो शर्मा अस्पताल से हॉस्पिटल से आठ बिंदुओ में जवाब प्रस्तुत करने हेतु जारी नोटिस है जिस जवाब हेतु दी गई तीन दिवस की समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है मामले में एक नया मोड़ तब आ गया जब शर्मा हॉस्पिटल संचालक सदस्य की महिला डॉक्टर श्रीमती रजनी शर्मा की तरफ से भूमि व्यपवर्तन हेतु राजस्व कार्यलय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। शर्मा अस्पताल हॉस्पिटल संचालक सदस्य डॉक्टर श्रीमती रजनी शर्मा की तरफ से राजस्व कार्यालय में प्रस्तुत भूमि व्यपवर्तन आवेदन यदि उसी भूमि का है जिसपर अस्पताल संचालित है तो यह मामला बड़ा गंभीर है और हॉस्पिटल संचालन की मिली हुई अनुमति यदि अनुमति लेकर हॉस्पिटल संचालित है पर प्रश्न खड़ा करने वाला विषय है क्योंकि अनुमति हॉस्पिटल संचालन की मिलना वह भी बिना डायवर्सन वाली भूमि पर हॉस्पिटल के आज तक के संचालन को ही सवालों के घेरे में खड़ी करती है क्योंकि यदि बिना डाईवर्सन हॉस्पिटल निर्माण और उसकी अनुमति का सवाल ही नहीं खड़ा होता है जैसा की नियम है। वैसे स्वास्थ्य विभाग नर्सिंग होम एक्ट अनुसार भी यह नियम है की किसी भूमि पर हॉस्पिटल संचालन के लिए भूमि का डायवर्सन वहीं नियमानुसार भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण की अनुमति वहीं अनापत्ति क्रमशः नगरपालिका और नगर एवम ग्राम निवेश से आवश्यक है। अब शर्मा हॉस्पिटल मामले में यह तय नजर आ रहा है की भूमि का डायवर्सन कराया ही नही गया और उसके बावजूद कई दशकों से भूमि का व्यावसायिक उपयोग किया जाता रहा।

क्या 3 दिन में शर्मा अस्पताल के पूरे हो चुके हैं सारे दस्तावेज,क्या उन्होंने मामले में जवाब कर दिया है प्रस्तुत ?

शर्मा अस्पताल को तीन दिवस के भीतर स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया के नोटिस का जवाब देना था स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई समयावधि अब समाप्त हो चुकी है अब ऐसे में यह भी सवाल उठता है की उनके सभी अनिवार्य दस्तावेज जो स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी कर मांगा है क्या उनके पास वह उपलब्ध थे उन्होंने सभी दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दिया है। वहीं यदि उनके पास सम्पूर्ण दस्तावेज यदि नहीं हैं या नहीं थे तो क्या उन्होंने इन तीन दिवस के भीतर ही सभी दस्तावेज बनवा लिए और उसके बाद प्रस्तुत कर दिए स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया के समक्ष। अब उन्होंने स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया को क्या जवाब प्रस्तुत किया है वह तो मंगलवार को कार्यालय खुलने पर ही पता चल सकेगा लेकिन उन्होंने जवाब दिया है की नहीं यह भी बड़ा सवाल है क्योंकि उनके अस्पताल द्वारा फिलहाल डायवर्सन का प्रयास किया जा रहा उस भूमि का जिसपर अस्पताल संचालित है दशकों से वहीं यदि ऐसा है तो यह गंभीर मामला है।जैसा सूत्रों का कहना है।

ग्राम पंचायत खोड़ सचिव निलबित,जिला पंचायत के सीईओ ने की कार्यवाही

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खोड़ के सचिव का कुछ महीने पहले हुआ था विवाद मामला शिकायत तक भी पहुंचा था जिसके बाद खूब हाय तौबा मचा था अब अचानक कुछ महीने बाद सचिव पर कार्यवाही होने का आदेश जारी हुआ है, बताया जा रहा है की उसी विवाद के बाद सचिव की शिकायत हुई जो जांच में सही पाई गई।

मिली जानकारी अनुसार जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत खोड़ के सचिव रामसुशील पाण्डेय के द्वारा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर फर्जी मजदुरी, सामग्री आदि का बिल लगाकर राशि आहरण कर गबन करने की शिकायत जिला पंचायत के सीईओ को मिली, जिसके बाद उन्होंने जिला स्तरीय जांच समिति को जांच के आदेश दिए, और जांच उपरात जांच प्रतिवेदन अनुसार रामसुशील पाण्डेय, ग्राम पंचायत सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत खोंड़ में उपस्थित नहीं रहने, जांच के दौरान ग्राम पंचायत का अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने एवं उक्त के द्वारा फर्जी मस्टर रोल एवं सामग्री भुगतान के लिए फर्जी सामग्री प्रमाणक लगाकर अपने पत्नी, पुत्र एवं पुत्री को भुगतान करते हुए आर्थिक लाभ पहुंचाने संबंधित आरोप प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया।

जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने सचिव रामसुशील पाण्डेय को छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 एवं छ.ग. ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तिया तथा कृत्य) नियम, 1999 के नियम 4 एवं नियम 5 का उल्लघन करने के कारण छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय, रायपुर के द्वारा पंचायत कर्मियों की सेवा शर्तो

कार्यालय जिला पंचायत कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़)
आदेश

हेतु जारी मार्गदर्शिका के कंडिका 07 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम 4 (क) एवं (ख) के तहत् अनुशासनिक कार्यवाही प्रयोजनार्थ तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उक्त ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया में निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। दूसरा ग्राम पंचायत खोड के सचिव के निलंबन के परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत खोड के सचिव पद के पदीय दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत टेंगनी में पदस्थ सचिव बिजेन्द्र प्रसाद साहू को अग्रिम आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से सौपा गया है।

भारतीय जानता युवा मोर्चा कोरिया जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में भूपेश बघेल की निकाली गई शव यात्रा

पीएससी मामले में माननीय हाईकोर्ट के निर्णय से स्पष्ट हो गया की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है: हितेश प्रताप सिंह

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,25 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा कोरिया ने पीएससी में हुई गड़बड़ी और धांधली के विरोध मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की शवयात्रा निकालकर कोरिया जिले मुख्यालय बैकुंठपुर शहर में भ्रमण करते हुए कोरिया कुमार चौक में पुलिस विभाग की झूमा झपटी झड़प के बाद भी भाजयुमो ने कर दिया भूपेश बघेल का पुतला दहन किया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह ने बताया की भाजयुमो छत्तीसगढ़ के द्वारा पीएससी का घेराव आंदोलन के बाद भी हम अपनी लड़ाई जारी रखें रहें है युवा मोर्चा के लगतार आवाज उठाने के बाद और माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज होने के बाद उच्च न्यायालय के द्वारा कहा गया की ये महज इत्तेफाक नही हो सकता और 18 अभ्यर्थियों पर स्थगन आदेश आया है ये दर्शाता है कि कांग्रेस की सरकार में युवाओं को भी धोका दिया जा रहा है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप ने बताया की प्रदेश में कांग्रेस की सरकार युवाओं के साथ छल कर रही है नौकरी में कांग्रेस के नेता और अधिकारियों के रिश्तेदारों का चयन किया जा रहा है प्रदेश के गरीब युवाओं का हक छीना जा रहा है

भारतीय जनता युवा मोर्चा नौजवानों की आवाज को उनके अधिकार के लिए सड़क से लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव और न्यायालय तक लड़ाई लड़ा है भाजयुमो छत्तीसगढ़ का एक एक नौजवान भूपेश बघेल के अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ता रहेगा आज नौजवानों के साथ इतना बड़ा धोखा किसी राज्य में नही हुआ है भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार रचना में सफल रही है हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ महतारी के सीने को छलनी कर देगा काम कांग्रेस की सरकार ने किया है जिसका मुंहतोड़ जवाब भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव में जरूर देगी, कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण बिहारी जी के मार्गदर्शन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में भूपेश बघेल का पुतला दहन शव यात्रा निकाल कर विरोध करते हुए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष उमाशकर बंटी, सच्चिदा नंद, दुवेदी, भाजयुमो जिला महामंत्री कुनाल जयसवाल, प्रखर गुप्ता,भाज्यमो जिला मंत्री अनिल राजवाड़े, भाजयुमो जिला के सुजय जैन,संस्कार शर्मा,शरद सिंह, रौशन विश्वकर्मा,चंदन राजवाड़े, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष यादव, श्री राम दुबे,श्री राम चक्रधारी, परवेंद्र सिंह, मनोज यादव, भाजयुमो मंडल महा मंत्री, शक्तिमान साहू, पारस नाथ राजवाड़े,संतोष साहू, राम शाय,भाजयुमो मंडल के मोंटी कुर्रे, मन्नू संतोष शर्मा, फुलशाय रजवाड़े, रामाशंकर उइके,ध्रुव जयसवाल,अजय साहू,आशीश राबर्ट, राहुल विश्वकर्म,चिंटू, संदीप चेरवा,असलम,लाला चेरवा, भाजपा कार्यालय के लव रवि ,इरसाद रहे उपास्थित।

आपसी गुटबाजी का शिकार हुई जन आक्रोश यात्रा

पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी की उपेक्षा से उनके समर्थकों में रोष व्याप्त

विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही अब राजनीतिक दलों में खलबली मच गई है...एक ओर भाजपा जन आशिर्वाद यात्रा निकाल रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस जन आक्रोश रैली चला रही है...लेकिन दलों के अंदर चल रही गुटबाजी अभी कम होने का नाम नहीं ले रही है...वहीं कांग्रेस अभी भी अपने अंदर की कलह को कम नहीं कर पा रही है...जन आक्रोश रैली में कार्यकर्ता ही आक्रोशित होते दिखाई दे रहे हैं..ऐसे में सत्ता की चाभी पाने की राह कितनी कठिन होगी यह तो वक्त ही बताएगा...

तो.! किसके हाथ की कठपुतली बने रमेश सिंह

जिला कॉंग्रेस की कमान जब से रमेश सिंह के हाथों में आई है तब से आज तक वह महज एक कठपुतली नजर आ रहे हैं। वहीं कार्यकर्ताओं में खासा नाराजगी देखने को मिल रही है। कार्यकर्ताओं व आमजन में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर रमेश सिंह योग्य होते हुये भी किसके हांथ की कठपुतली बने हुये हैं। उनके कठपुतली होने का सबूत एक बार फिर जन आक्रोश यात्रा में देखने को मिला जहां पर वह महज पूर्व में बनाये गये योजना को पालन करते हुये दिखाई दिये।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी की उपेक्षा

कांग्रेस की जन आशिर्वाद यात्रा में पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह समेत अन्य बड़े कार्यकर्ताओं की उपेक्षा देखने को मिली। कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंच में लगे बैनर से पूर्व प्रत्याशी की तस्वीर ही गायब हो गई। लोगों में चर्चा के दौरान सुना गया कि जिला अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी को अपना धुरविरोधी मानते हैं इसलिये किसी भी कार्यक्रम में मंच व अन्य जगहों पर लगे बैनर-पोस्टर में उनको जगह नहीं दी जाती है।

-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,25 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के अनूपपुर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में आपसी गुटबाजी व मतभेद फिर से देखने को मिला। बीते दिवस जन आशिर्वाद यात्रा के प्रभारी कमलेश्वर पटेल के अनूपपुर आगमन पर कांग्रेस अपनी शक्ति प्रदर्शन कर लोगों को जोड़ना चाह रही थी। लेकिन कांग्रेस जिला अध्यक्ष के

तुगलकी व्यवहार ने एक बार फिर कांग्रेस में फूट डालने का काम किया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा में भी जमकर गुटबाजी देखने को मिली। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित आमसभा में न तो पूर्व जिला अध्यक्ष को जगह मिली और न ही पूर्व प्रत्याशी को कोई तबज्जो दी गई। कांग्रेस पदाधिकारियों के इस तरह के गुटबाजी का सीधा असर कार्यकर्ताओं में भी देखने को मिला जो कि अलग-अलग रैली और समर्थन के चक्कर में टूटते हुये दिखाई दिये।

अलग-अलग धड़ों में दिखाई पड़ रही कांग्रेस

जिले में जन आशिर्वाद यात्रा के स्वागत को लेकर जहां पूर्व प्रत्याशी ने पूरी तैयारी की थी तो वहीं दूसरी ओर जिला अध्यक्ष का एक खेमा उनसे अलग दिखाई दिया। पूरे कार्यक्रम में कांग्रेस अलग-अलग धड़ों में दिखाई दिया। अपनी-अपनी ताकत दिखाने के चक्कर में कांग्रेस बिखरी हुई दिखाई दी। पूरी यात्रा में कार्यकर्ताओं में गुटबाजी देखने को मिली और कार्यकर्ता अपने-अपने पक्ष और नेताओं के इर्द-गिर्द घूमते दिखाई दिये। अब देखना यह होगा कि पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिला अध्यक्ष की उपेक्षा उनके समर्थकों को कहां तक भाती है।

अव्यवस्थित कार्यक्रम से परेशान हुये कार्यकर्ता

कांग्रेस की जन आशिर्वाद यात्रा पूरी तरह से अव्यवस्थित नजर आई। जहां आपसी गुटबाजी के कारण कार्यक्रम की सही रूपरेखा न होने से आधे कार्यकर्ता भ्रमित नजर आये तो वहीं कार्यक्रम में देरी होने के कारण कार्यकर्ताओं को काफी रात्रि तक इंतजार करना पड़ा। दूर-दराज से आये कार्यकर्ताओं को रात्रि में काफी समस्याएं हुई, वहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने तो यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम की आड़ में हम कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है।

पूर्व जिला अध्यक्ष को मंच में नहीं मिली जगह

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रही है कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर कांग्रेस में अभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की उपेक्षा का सिलसिला जारी है। आशिर्वाद यात्रा के दौरान अनूपपुर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष को मंच में जगह नहीं दी गई। जिसके बाद से एक खेमा काफी नाराज दिखाई दिया। ऐसा नहीं हैं कि ऐसे पहली बार हुआ है बल्कि पूर्व में भी इस तरह की स्थिति कांग्रेस में देखी जा चुकी है।

कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में की कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा यू उदय किरण के द्वारा जिले के सर्व थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए क्षेत्र में शांति सुरक्षा एवम कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अवैध रूप से शराब,जुआ, सट्टा, कबाड़, आदतन बदमाशों पर निगरानी रखते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 24.09.2023 को नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान आमरोड़ दरी रोड कोरबा के पास 01.आरोपी चंदन गोड पिता श्यामलाल गोड उम्र 34 साल साकिन रामसागर पारा कोरबा 02. आरोपी डील्ली उर्फ शिवा बंजारे पिता स्वर्गीय जेठू राम बंजारे उम्र 23 साल साकिन रामसागर पारा कोरबा तथा 03. आरोपी रामदास महंत उर्फ बड़कू पिता फुलेश्वर दास महंत उम्र 22 साल निवासी शराब भट्टी के पास राता खार कोरबा के द्वारा दलिया गोदाम रामसागर पारा कोरबा के पास आमरोड में धारदार लोहे का चापरनुमा हथियार रखकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है की मुखबिर सूचना पर आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपियों के कब्जे

से धारदार लोहे का हथियार जब्त कर विधि अनुरूप अलग अलग प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए आरोपियों का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध का पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

वहीं कार्यवाही के दौरान रामसागर पारा कोरबा निवासी दुर्गेश कंवर पिता स्वर्गीय दीपक कंवर उम्र 23 साल साकिन रामसागर पारा कोरबा के द्वारा मुखबिर से सूचना मिला की अपने घर में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है की सूचना पर आरोपी के घर में रेड करने पर 05 नग खाकी कार्टून में जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 240नग तथा 05 नग खाकी कार्टून में देशी प्लेन शराब कुल 240नग, जुमला 86.400 लीटर कीमती 48,000 रु. जब्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर 34(2)59(क) आबकारी अधिनियम का पाए जाने से विधि अनुरूप आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में सहा. उप.निरी. अजय सिंह ठाकुर, सहा उप निरी. अश्वनी वर्मा, सहा उप निरी.टंकेश्वर यादव, सहा उप निरी. सिमसोन मिंज,आरक्षक- चंद्रकांत गुप्ता,सुनील राजपूत, भरत यादव,दिनेश श्याम,दिलेर मनहर, कवल चंद्रा,नवरतन सिदार की सराहनीय भूमिका रही।

परिवर्तन यात्रा से बीजेपी की सत्ता की आस नहीं होगी पूरी : गुलाब

विधायक कमरो ने किया 9 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,25 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भूपेश सरकार ने क्षेत्र को अनुमान से अधिक बुनियादी जरूरतों से जुड़ी विकास कार्यों की सौगात दी है। अब प्रदेश में दोबारा कांग्रेस को आशीर्वाद देने की जिम्मेदारी जनता की है। आज बीजेपी महंगाई और बेरोजगारी से लोगों का ध्यान भटकाने परिवर्तन यात्रा निकाल रही है, लेकिन उनकी सत्ता की आस कभी पूरी नहीं हो पाएगी। उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने सोमवार को शासन की योजनाओं के तहत भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 1 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों डामरीकरण, सांस्कृतिक शेड, सामुदायिक भवन, पुलिया और सीसी निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने ग्राम पंचायत डोमनापारा के ठिहाई पारा में विधायक मद से डेढ़ लाख की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, डोमनापारा में ही मनरेगा मद से 11 लाख 68 हजार की लागत से नर्सरी नाला में आरसीसी पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत खैरबना के ग्राम बरकेला में मुख्यमंत्री समग्र योजना से पुलिया निर्माण 8 लाख, गुलाबखंड पारा में 300 मीटर सीसी रोड 7.80 लाख, ग्राम पंचायत कोथारी स्थित झोरगी नाला में पुलिया निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत सिरियाखोह के हरिजनपारा में सीसी रोड 5.20 लाख, चिरईपानी में देवशरण घर से बांगा घर की ओर सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में मेन रोड चेरवा पारा में सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में ही विधायक मद से ग्राम सलका

भाटाबारी में सांस्कृतिक शेड निर्माण 1.50 लाख, ग्राम पंचायत हर्रा में मनरेगा मद से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य चुक्तिपानी 20 लाख, बरबसपुर में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत भवानी घाट की ओर एवं खेड्डुरी पारा में सीसी रोड अलग-अलग 5.20 लाख, उजियारपुर में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, लक्ष्मण घर के पास 200 मीटर सीसी रोड 5.20 लाख, उजियारपुर राधारमननगर तक डामरीकरण 774 लाख, सोनवर्षा में वार्ड क्र. 8 बगीचा पारा में पुलिया निर्माण 5 लाख, लोहारी के मझरीपारा में सीसी रोड 7.80 लाख, साहू समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, मोरगा के हरिजनपारा मोहल्ला में सीसी रोड 5.20 लाख एवं ग्राम पंचायत सरभोका में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत पुलिया निर्माण हेतु 6 लाख कुल 9 करोड़ 1 लाख 18 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्यों के भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली साथ ही विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की।

इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य कृष्णा सिंह, नानकुंवर सिंह, आरती सिंह उइके एवं बृजमोहन साहू तथा सरपंच भवन सिंह, सुनीता सिंह, सोहन श्याम, फूलमती उइके, मानमती, अजय सिंह, श्याम सिंह खैरवार, सावन कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, जगरनाथ पंडो, कदम कुंवर एवं उपेंद्र मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

एनजीईएल ने ग्रीन हाइड्रोजन हब के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के साथ किया समझौता

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी विद्युत उपयोगिता कंपनी है जिसकी कुल स्थापित क्षमता 73+ गीगावॉट है। इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनजीईएल ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण की परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने का काम कर रही है ।भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) और बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कोलकाता में ग्रीन हाइड्रोजन हब का विकास के लिए एमओयू पर बिमल गोपालाचारी, एजीएम (एनजीईएल) और अमित कुमारकर, सीएमई (एसएमपीके) ने मोहित भार्गव, सीईओ (एनजीईएल) और एनटीपीसी और एसएमपीके के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। एनटीपीसी समूह का लक्ष्य वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट आरई क्षमता का लक्ष्य है जिसमें 3.2 गीगावॉट स्थापित है और 20 गीगावॉट से अधिक पाइपलाइन में है।

दो उप अभियंता और पोलमी सरपंच से होगी दो लाख 60 हजार रुपये से ज्यादा की वसूली

-संवाददाता-
कोरबा,25 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पोलमी में तत्कालीन सरपंच एवं दो उप अभियंता के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक का भुगतान किए जाने पर संबंधितों से उक्त राशि वसूली किए जाने का आदेश न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पाली ने पारित किया है । ग्राम पंचायत पोलमी में वर्ष 2016 में तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत 04 सीसी रोड निर्माण में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर वसूली की कार्यवाही हेतु प्राप्त होने पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था द्य उक्त प्रकरण में श्रीमती विनीता सोनी उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पाली के द्वारा 2 सीसी रोड निर्माण कार्य का ज्यादा मूल्यांकन एवँ अधिक भुगतान करने पर उनके विरुद्ध 73936 रुपये की राशि वसूली हेतु आदेश पारित किया गया है. शाहनवाज खान, उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग पाली के द्वारा 2 सीसी रोड निर्माण कार्य में ज्यादा मूल्यांकन करने एवं ज्यादा भुगतान करने पर उनके विरुद्ध 56,511 रुपये की वसूली का आदेश पारित किया गया है. तत्कालीन सरपंच रामकुमार नेटी के द्वारा 4 सीसी रोड निर्माण कार्य में 2 लाख 60 हजार 893 रुपये से अधिक भुगतान किए जाने पर नेटी के विरुद्ध 01 लाख 30 हजार 447 रुपये की वसूली का आदेश पारित किया गया है।

न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 ब121/2021-22

ग्राम सोनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फु लचंद साहू आ0 /पति रमेशर जाति तेली निवासी ग्राम सोनपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक/आवेदिका अपने पुत्री चमेली का विलम्ब/जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दास्तावेज के साथ न्यायलय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। जन्म दिनांक 07/06/2004

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे स्वंय अथवा विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को न्यायालयीन समयवधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। उसके पश्चात् दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील — नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट देवनगर जिला-सूरजपुर

न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 ब121/2021-22

ग्राम सोनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फु लचंद साहू आ0 /पति रमेशर जाति तेली निवासी ग्राम सोनपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक/आवेदिका अपने पुत्री प्रमिला का विलम्ब/जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलद्यता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दास्तावेज के साथ न्यायलय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। जन्म दिनांक 12/02/2002

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे स्वम। अथवा विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को न्यायीलयीन समयवधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। उसके पश्चात् दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील — नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट देवनगर जिला-सूरजपुर

न्यायालय लिंर्क कोट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 ब121/2021-22

ग्राम सोनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका फु लचंद साहू आ0 /पति रमेशर जाति तेली निवासी ग्राम सोनपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा आवेदक/आवेदिका अपने पुत्री सुशीला का विलम्ब/जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत् अनुलद्यता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दास्तावेज के साथ न्यायलय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। जन्म दिनांक 4/10/2006

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे स्वम। अथवा विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29/09/2023 को न्यायीलयीन समयवधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। उसके पश्चात् दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

सील — नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट देवनगर जिला-सूरजपुर

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

क्रमांक/368/वाचक /2023/ सूरजपुर
दिनांक 21 सितम्बर 2023

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरजदेव आ0 बंशलाल जाति पनिका उम्र 24 एवं आवेदिका बसन्ती बेक पिता कमलेश्वर जाति उरांव उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सौतार तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर के द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, उम्र के सत्यापन हेतु अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिस पर न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 05/10/2023 को दिन के 2:00 बजे उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक को 21/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील — अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

दूसरे दिन भारत की झोली में आया चौथा मेडल

एयर राइफल में आया गोल्ड मेडल

हांगझोऊ,25सितम्बर 2023। चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 का सोमवार 25 सितंबर को दूसरा दिन है। भारत के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी जारी है। जहां पहले दिन भारतीय एथलीट्स ने भारत की झोली में 5 पदक डाले। वहीं दूसरे दिन रोइंग टीम ने पहला और एयर राइफल टीम ने दूसरा पदक भारत को दिलाया है। रोइंग टीम ने एक और पदक जीता और 10 मीटर एयर राइफल में एक और ब्रांज मेडल भारत को मिला है। रोइंग टीम आज दो ब्रॉन्ज और एयर राइफल टीम एक गोल्ड और ब्रांज मेडल अपने नाम करने में सफल रही है। इसके अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास गोल्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका है। जबकि अन्य इवेंट्स में भी गोल्ड मेडल जीतने की उम्मीद हैं।

भारतीय टीम ने किया फ्रीस्टाइल रिले के फाइनल के लिए क्वालीफाई

भारतीय टीम ने पुरुषों की 4ङ्क200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई किया। कुशाग्र, तनीश, अनीश और आर्यन की जोड़ी ने 7.29.04 का समय लेकर अपनी हीट में चौथे स्थान पर रही।

भारत को शूटिंग में एक और मेडल मिला

भारत ने शूटिंग में ब्रांज मेडल जीता है। पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल टीम ने देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया है। जो इस टूर्नामेंट का भारत का 10वां पदक है। विजयवीर सिद्धू, अनीश और आदर्श सिंह की तिकड़ी ने ब्रान्ज मेडल पर कब्जा किया है।

10 मीटर एयर राइफल ब्रान्ज मेडल

10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्पर्धा में ऐश्वर्य तोमर ने शूटिंग मेंस में ब्रांज मेडल जीता है। इसस पहले वो गोल्ड मेडल भी देश को दिला चुके हैं। इसके साथ ही शूटिंग में ये दिन का दूसरा मेडल है।

रोइंग में भारत को मिले 5 मेडल

भारत को दूसरे दिन तीसरा मेडल रोइंग टीम ने ही दिलाया। सतनाम, परमिंदर, जैकर और सुखमीत की क्वॉडरपल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल पर अपना कब्जा किया। जिसके बाद भारत ने अब तक 5 मेडल रोइंग में अपने नाम किए हैं।

एशियन गेम्स 2023 में भारत को मिला पहला गोल्ड

दूसरे दिन रोइंग टीम ने पहला और एयर राइफल टीम ने दूसरा पदक भारत को दिलाया है। रोइंग टीम ने एक और पदक जीता और 10 मीटर एयर राइफल में एक और ब्रांज मेडल भारत को मिला है। रोइंग टीम आज दो ब्रॉन्ज और एयर राइफल टीम एक गोल्ड और ब्रांज मेडल अपने नाम करने में सफल रही है।

मोदी ने एशियाई खेलों के पदक विजेताओं की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन के हांगझाऊ में जारी एशियाई खेलों में विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले एथलीटों की सराहना की। उन्होंने भारत के लिए एशियाई खेलों में पहला रजत पदक जीतने के लिए लाइटवेट पुरुष डबल स्कल्स टीम की तारीफ की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री ने अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की शानदार जोड़ी को बधाई देते हुए उनके राष्ट्र की भावना और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हुए निरंतर गौरव की ओर बढ़ने की कामना की।''

बयान के मुताबिक, मोदी ने एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने के लिए निशानेबाज रमिता जिंदल, मेहुली घोष और आशी चौकसे की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ''यह रजत पदक आपकी मेहनत और समर्पण का फल है। आइए इस गति को बनाए रखें और एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करना जारी रखें।''

एशियाई खेलों में पुरुषों की कॉक्स एट टीम के रजत पदक जीतने पर प्रधानमंत्री ने टीम द्वारा समन्वय, शक्ति और कौशल के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और इसके सदस्यों के उनके भविष्य के प्रयासों में सफल होने की कामना की।एशियाई खेलों में यह रोइंग में भारत का दूसरा पदक था। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 10 मीटर एयर राइफल महिला (व्यक्तिगत) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए निशानेबाज रमिता जिंदल की तारीफ की।

उन्होंने जिंदल की एकाग्रता और उत्कृष्टता हासिल करने की इच्छा का उल्लेख किया और उन्हें अपने खेल में और अधिक ऊंचाइयां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने नौकायन में लगातार मिल रही सफलता पर खुशी जताई।

उन्होंने पुरुषों की कॉक्सलेस पेयर रोइंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए बाबूलाल यादव और लेख राम की सराहना करते हुए कहा, ''अपने प्रयासों और अथक दृढ़ संकल्प से, आपने कई युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को मंच तक पहुंचाया है।

टेनिस एकल प्रतियोगिता में अंकिता,रुतुजा,रामकुमार प्री-क्यूएफ चरण में पहुंचे

हांग्जो,25सितम्बर2023। भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ियों के लिए यह काम का एक शानदार दिन था क्योंकि अंकिता रैना, रुतुजा भोसले और रामकुमार रामनाथन सोमवार को हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में प्री-क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंच गए। अपने राउंड 32 के मैच में अंकिता ने उज्बेकिस्तान की सबरीना ओलिमजोनोवा को 51 मिनट के भीतर दो सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया। उन्होंने 30 मिनट से भी कम समय में दोनों सेट अपने नाम कर लिए। रुतुजा भोसले ने अपने मुकाबले में कजाकिस्तान की अरुझान सगांड्यकोवा को 7-6 (2), 6-2 से हराया। पहले सेट में टाईब्रेकर लगा लेकिन दूसरा सेट बेहद एकतरफा रहा।

पहला सेट 76 मिनट तक चला, जबकि दूसरा 45 मिनट में समाप्त हुआ, जिससे मैच कुल दो घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चला। रामकुमार को उनके प्रतिद्वंद्वी ताजिकिस्तान के सुनातुलो इसरोइलोव ने वॉकओवर दे दिया क्योंकि वह प्रतिस्पर्धा करने में असमर्थ थे। इससे पहले, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपने 19वें एशियाई खेलों के पुरुष एकल अभियान की शानदार शुरुआत की, उन्होंने रविवार को मकाओ चीन के हो टिन मार्को को सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया।

नागल को पहले राउंड में बाई मिली थी। भारतीय खिलाड़ी ने शानदार खेल दिखाया और बिना कोई गेम गंवाए मार्को को हरा दिया। यह जीत न केवल नागल के लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि थी, बल्कि भारत के लिए भी एक गर्व का क्षण था, जिसने एशियाई टेनिस क्षेत्र में देश की उपस्थिति को मजबूत किया। अब तक, नागल ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। उन्होंने और उनके वियतनामी साथी ली होआंग नाम ने 2015 में विंबलडन लड़कों का युगल खिताब जीता, जिससे वह जूनियर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले छठे भारतीय खिलाड़ी बन गए। 2019 में यूएस ओपन में, उन्होंने अपने पहले ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ मैच में भाग लिया, जहां उन्होंने अपने शुरुआती दौर के मैच में रोजर फेडरर का सामना किया।

इसके अलावा, भारतीय पुरुष युगल जोड़ी साकेत माइनेनी और रामनाथन रामकुमार रविवार को नेपाल के बस्तोला अभिषेक और खड़का प्रदीप पर सीधे सेटों में शानदार जीत दर्ज करने के बाद एशियाई खेलों में प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। साकेत-रामनाथन ने नेपाल को महज 57 मिनट में 6-2, 6-3 से हरा दिया. भारतीय टेनिस टीम ने अपना अभियान 24 सितंबर को शुरू किया था और टेनिस प्रतियोगिताएं 30 सितंबर तक खेली जाएंगी। एशियाई खेलों के इतिहास में भारत ने टेनिस में 32 पदक, नौ स्वर्ण पदक, छह रजत पदक और 17 कांस्य पदक हासिल किए हैं।

बास्केटबॉल में भारतीय पुरुषों ने मलेशिया को 20-16 से हराया

चेन्नई,25सितम्बर 2023। भारत ने सोमवार को हांग्जो के डेकिंग जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन पार्क बास्केटबॉल कोर्ट में 3×3 पुरुष बास्केटबॉल के अपने पहले ग्रुप स्टेज मैच में मलेशिया पर 20-16 के अंतर से आसान जीत दर्ज की। सहजी सेखों ने शानदार प्रदर्शन किया और भारत द्वारा हासिल किए गए 16 में से 10 अंक अकेले हासिल किए। भारतीय बास्केटबॉल दल के लिए खुशी की बात होगी क्योंकि महिला टीम को दिन की शुरुआत में उज्बेकिस्तान ने चार अंकों से हराया था। वे बुधवार को मकाऊ में अगला मैच खेलेंगे और फिर उनका सामना चीन से होगा।

एशियन गेम्स 2023 में छाई भारतीय युवा गेंदबाज तितास साधु

» फाइनल में छटके 8 गेंदों में 3 विकेट

कोलम्बो,25 सितम्बर 2023। 19वें एशियन गेम्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। वहीं भारतीय टीम ने श्रीलंकाई टीम को मात देकर ये उपलब्धि अपने नाम की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाए। जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 97 रन ही बना पाई। इस दौरान भारत की युवा गेंदबाज तितास साधु ने 8 गेंदों में 3 विकेट झटके और खुद को साबित किया।

तितास ने अपनी रफ्तार का कमाल दिखाते हुए अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट निकालकर भारत को मैच में वापस ला दिया। उन्होंने सबसे पहले संजीवनी (1) को कप्तान हरमनप्रीत के हाथों कैच कराया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने (0) को बोल्ड कर दिया। क्रिकेट को पहली बार एशियाई खेलों में पहली बार शामिल किया गया है।

तितास की पेस और स्विंग का

श्रीलंकाई बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने अपने शुरुआती 3 ओवर में सिर्फ 2 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने अपना पहला ओवर मेडिन फेंका। इसके बाद विपक्षी कप्तान चमारी अट्टापट्टू को महज 12 रन पर दीप्ति शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। तितास ने अपने 4 ओवर में कुल 6 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।

18 वर्षीय तितास ने एशियाई खेलों में सेमीफाइनल मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। अपने करियर के दूसरे ही इंटरनेशनल मैच में उन्होंने अपनी धमाकेदार गेंदबाजी की छाप छोड़ी। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के बलबूते पूरे देश को गोल्ड मेडल देकर शानदार तोहफा दिया है।

भारतीय पारी की बात करें तो, शेफाली वर्मा ने निराश किया। वहीं स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की जोड़ी ने भारत की पारी को संभाला और दोनों के बीच अर्धशतीय पार्टनरशिप हुई। लेकिन उसके बाद मंधाना 46 रन बनाकर आउट हो गईं। वहीं ऋचा घोष 9, कप्तान हरमनप्रीत कौर 2 और पूजा वस्त्राकर 2 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, दूसरे छोर पर पारी को संभालने वाले जेमिमा रोड्रिग्स 42 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

श्रीहरि लगातार दूसरे फाइनल में

» लिकिथ और पुरूषों की चार गुणा 200 मीटर टीम भी पदक की दौड़ में

नई दिल्ली,25सितम्बर 2023। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज एशियाई खेलों में सोमवार को पुरूषों की 50 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में छठे स्थान पर रहकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गए। पुरूषों के 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल में छठे स्थान पर रहे नटराज ने 25 . 43 सेकंड का समय निकाला और अपनी हीट में तीसरे जबकि कुल छठे स्थान पर रहे।



लिकिथ सेल्वराज पुरूषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। उन्होंने 1 : 01 . 98 का समय निकाला। आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, कुशाग्र रावत और तनीश जॉर्ज मैथ्यू की चौकड़ी पुरूषों की चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में फाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम हीट में 7 ¯ 29 . 04 का समय निकालकर छठे स्थान पर रही। सारे फाइनल आज ही होने हैं। पूर्व कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े (पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), ओलंपियन माना पटेल(महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक), अनिल कुमार एस आनंद (पुरूषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल), देसिंघु धिनिधि (महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल) और हशिका रामचंद्र (महिलाओं की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले) फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर जीता ब्रॉन्ज मेडल

ढाका,25सितम्बर 2023। एशियाई खेलों में बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। बांग्लादेश की गेंदबाजी शानदार रही थी और पाकिस्तान की पूरी टीम 64 रन भी बना सकी थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 19वें ओवर में जीत दर्ज की।

बांग्लादेश की कप्तानी निगर सुलना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही जिसके बाद पहले ओवर में शवाल और दूसरे ओवर में सिद्रा अमीन के रूप में दोनों ओपनर पवेलियन लौट गए। इसके बाद भी विकेट गिरने का सिलसिला रुका नहीं। निर्धारित 20 ओवरों में पाकिस्तान

टीम 9 विकेट खोकर 64 रन ही बना सकी। बांग्लादेश के लिए शोरना एक्टर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए, उन्होंने अपने 4 ओवरों में 16 रन दिए। संजीदा एक्टर ने 4 ओवरों में 11 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

श्रीलंका के सचित्र सेनानायके को मैच फिक्सिंग मामले में जमानत मिली

कोलम्बो,25 सितम्बर 2023। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके को कोलंबो के मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत से सोमवार को जमानत मिल गई। उन्हें खेल भ्रष्टाचार जांच ईकाई ने मैच फिक्सिंग के आरोपों में इस महीने गिरफ्तार किया था। अदालत ने उनके विदेश जाने पर भी रोक लगा दी थी।सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेले हैं। उन पर लंका प्रीमियर लीग 2020 के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश का आरोप है। अदालत ने उन्हें 50 लाख श्रीलंकाई रूपये के निजी मुचलकों पर जमानत दी।

मिशन रानीगंज का मोशन पोस्टर रिलीज

अक्षय कुमार स्टारर अपकमिंग फिल्म मिशन रानीगंज का मोशन पोस्टर शनिवार को जारी किया गया। यह रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल की कहानी को दिखाता है, जिन्होंने रानीगंज की कोयला खदान के अंदर फंसे खनिकों को बचाने के मिशन को अंजाम दिया।मोशन पोस्टर की शुरुआत बचाव दल के मिड क्लोज-अप शॉट्स से होती है, जिसमें अभिनेता कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, दिब्येंदु भट्टाचार्य, मुकेश भट्ट, अक्षय वर्मा, इश्तियाक खान, दिनेश लांबा और वीरेंद्र सक्सेना शामिल हैं और खत्म बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के निभाए गए मुख्य किरदार जसवंत गिल के साथ होता है।देश और दुनिया को हिलाकर रख देने वाली कोयला खदान दुर्घटना और जसवंत सिंह गिल के नेतृत्व में बचाव दल के अथक प्रयासों पर आधारित, मिशन रानीगंज मानवीय भावना, दृढ़ संकल्प और वीरता का एक प्रतीक है। यह फिल्म रुस्तम के बाद टीनू सुरेश देसाई की अगली थ्रिलर भी है।

प्रभास और नयनतारा 16 साल बाद फिर आए साथ

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली अभिनेत्री नयनतारा इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही राज कर रही है तो दुनियाभर में इसका डंका बज रहा है।अब खबर आ रही है कि नयनतारा 16 साल बाद प्रभास के साथ फिल्मी पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।कहा जा रहा है कि दोनों सितारे मांचू विष्णु की फिल्म कन्नप्पा का हिस्सा बनेंगे। बीते दिनों आई रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभास विष्णु की फिल्म कन्नप्पा में अहम भूमिका निभाने वाले हैं।विष्णु ने एक्स (पहले ट्विटर) पर प्रभास के उनके साथ काम करने वाली खबर को साझा करते हुए इस ओर इशारा किया था।अब कहा जा रहा है कि फिल्म में प्रभास के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए नयनतारा से संपर्क किया गया है। ओटीटी प्ले की रिपोर्ट के अनुसार, अभी अभिनेत्री ने इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।प्रभास के साथ पहले इस फिल्म में नुपुर सैनन नजर आने वाली थीं, लेकिन अब शुक्रवार को विष्णु ने घोषणा की कि शेड्यूल संबंधी दिक्कतों के कारण नुपुर ने फिल्म से किनारा कर लिया है।विष्णु ने कहा था कि अब उनकी टीम नई अभिनेत्री की तलाश में जुटी हुई है।अब नयनतारा के नाम को लेकर चर्चा जोरों पर हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में प्रभास भगवान शिव और नयनतारा देवी पार्वती के किरदार में नजर आएंगी।प्रभास कन्नप्पा में भगवान शिव से फिल्म आदिपुरुष में भगवान राम का किरदार निभा चुके हैं, जिसके लिए उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा वह फिल्म कल्कि 2898 एडी में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि से प्रेरित किरदार निभाने वाले हैं।प्रभास और नयनतारा 16 साल पहले वीवी विनायकन द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म योगी में साथ काम कर चुके हैं। यह फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया था।अब एक बार फिर प्रभास और नयनतारा के साथ में बड़े पर्दे पर लौटने की खबर ने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। हालांकि, अभी इस सिलसिले में निर्माताओं की ओर से कोई बयान सामने नहीं आया है। ऐसे में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

कन्नप्पा विष्णु का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे अगस्त में एक भव्य कार्यक्रम के साथ लॉन्च किया गया था।अभी फिल्म का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है, जिसका का निर्माण संयुक्त रूप से मोहन बाबू करेंगे।21 अगस्त को फिल्म पर काम शुरू करने से पहले श्री कालहस्ती मंदिर में पूजा का आयोजन भी किया गया था।रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा के जीवन पर आधारित होगी और अब जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।

प्रभास फिल्म सालार में नजर आएंगे, जो पहले 28 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा न होने के चलते अब यह नवंबर में रिलीज होगी।प्रभास की दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी।नयनतारा की बात करें तो वह जयम रवि के साथ फिल्म इरैवन का हिस्सा है, जो 28 सितंबर को रिलीज होगी। इसके अलावा वह फिल्म लेडी सुपरस्टार 75 और टेस्ट में भी दिखाई देंगी।

बॉलीवुड मेरी जिंदगी में अहम भूमिका निभाता है : विभव रॉय

पद्मावत, लष्टम पश्तम और रेड्रम- ए टेल ऑफ मर्डर जैसी बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिंग के लिए पहचान बनाने वाले एक्टर विभव रॉय खुद को बॉलीवुड प्रेमी कहते हैं।

एक्टर ने कहा, बॉलीवुड मेरे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैं बॉलीवुड का बहुत बड़ा फैन हूं। यह कोई नया प्यार नहीं है लेकिन तब से मैंने जीवन में चीजों को समझना शुरू कर दिया है।वैभव ने कहा, उदाहरण के लिए, जब भी मेरे जीवन में कोई घटना घटती है, तो मेरे दिमाग में एक बॉलीवुड संदर्भ होता है और इसे किसी न किसी बॉलीवुड सीन से जोड़ दिया जाता है। जब मैं अपने दोस्तों के आसपास होता हूं, तो मुझे इसे साझा करने में मजा आता है, अन्यथा मैं इसे अपने दिमाग में, अपने तक ही सीमित रखता हूं।गुस्ताख दिल, कुछ तो है तेरे मेरे दरमियां, मेरी सास भूत है जैसे कई टीवी धारावाहिकों में हीरो की भूमिका निभा चुके अभिनेता को लगता है कि बॉलीवुड एक कला के मूल्य को समझता है और एक कलाकार को उचित श्रेय देता है।

वैभव ने कहा, हमारे पास पोस्टर से लेकर फोटो कार्ड, बुकलेट और हैंड-पेटिंग होर्डिंग तक भारतीय सिनेमा कला के उल्लेखनीय उदाहरण हैं। बॉलीवुड ने हमेशा कला का सम्मान किया है चाहे वह अभिनय, निर्देशन, डांस, पेंटिंग, राइटिंग, सिंगिंग आदि का कोई भी रूप हो और एक कलाकार को उचित श्रेय दिया जाता है।

बॉलीवुड ने हमारे समाज को कई चीजें सीखने में मदद की है और बॉलीवुड फिल्में देखने के बाद ही पुरानी विचारधारा से बाहर आने में मदद मिली है। हम भारत में ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का आसानी से पता लगा सकते हैं, जैसा कि बॉलीवुड फिल्म उद्योग के लेंस के माध्यम से देखा जाता है।

विभव ने टीवीएफ- द मेकिंग ऑफ ए स्टार सन, फूह से फैंटेसी और हैलो मिनी जैसी वेब सीरीज में भी काम किया है।

ग्रामीण आवास न्याय योजना का हुआ शुभारंभ

घर बनाने राज्य सरकार देगी पैसा, 10 लाख 76 हजार हितग्राहियों को किया जाएगा लाभान्वित

हर महीने बटन दबा रहे हैं और किसानों के खाते में पैसे डाल रहे:भूपेश बघेल

» आवास न्याय योजना सम्मेलन में आए हितग्राही साथियों को बहुत-बहुत बधाई

आवास योजना किस सरकार ने कब शुरू की, 1985 में जब राजीव जी प्रधानमंत्री थे तब शुरू हुई, इस योजना का नाम उस समय इंदिरा आवास योजना था। आज यह प्रधानमंत्री आवास योजना है। जनगणना नहीं हुई है, आर्थिक सर्वेक्षण नहीं हुआ। आज जिन्हें योजना का लाभ मिल रहा है वह 2011 के जनगणना के आधार पर मिल रहा है। आज राहुल जी ने एक बटन दबाया और 7 लाख लोगों के खाते में पैसे पहुंच गए हैं। राहुल जी, सदैव से किसान, मजदूर, युवा, महिला, आदिवासी भाई-बहनों और मजदूरों की बात करते हैं। उनके हित की सोचते हैं। पिछले बार जब राहुल गांधी जी आए थे, राजीव युवा सम्मेलन में आए थे, वहां लाखो युवा आए थे। पहली किश्त आज राहुल गांधी जी ने जारी किया है, दूसरी किश्त भी हम देंगे। आज हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय समय पर जारी करते रहेंगे। राहुल जी जहां भी अन्याय होता है वहां खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। उन्होंने नारा दिया कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। आज राहुल जी ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाल है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में तीसरा किश्त आयेगा। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की किश्त हम 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और किसानों के खाते में पैसे डाल रहे हैं।

रायपुर,25सितम्बर 2023(ए)। सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा (सकरी) में आयोजित ''आवास न्याय सम्मेलन'' में ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' का शुभारंभ किया। ग्रामीण आवास न्याय योजनांतर्गत प्रथम चरण में राज्य के 47,090 आवासहीन परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। आगामी वर्षों में चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष बचे 6,99,439 पात्र परिवारों को आवास स्वीकृति का निर्णय छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है। इस दौरान सांसद गांधी और सीएम बघेल ने ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपए के मान से 5 करोड़ की राशि का वितरण किया। राहुल गांधी और भूपेश बघेल ने सम्मेलन में बिलासपुर जिले के लिए 669 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत वाले 414 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया तथा इस दौरान चयनित 2,594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र तथा नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्रों का वितरण किया।

कार्यक्रम में अतिथियों की ओर से आयोजन स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया गया और योजनाओं के हितग्राहियों से भेंटकर आवास स्वीकृति आदेश, योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक तथा ट्राईसिकल आदि का वितरण किया। इस दौरान अतिथियों की ओर से स्व-सहायता समूह की ओर से संचालित गारमेंट फैक्ट्री गनियारी-नगोई का शुभारंभ भी किया गया।

एफसीआई छत्तीसगढ़ रीजन में श्याम अवतार केडिया को मिली बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर,25सितम्बर 2023(ए)। वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन एवं खाद्य व उपभोक्ता मामले के केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे की अनुशंसा पर श्याम अवतार केडिया को एफसीआई छत्तीसगढ़ रीजन का परामर्शदात्री समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। बता दें कि श्याम अवतार केडिया छत्तीसगढ़ वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन में छत्तीसगढ़ में डायरेक्टर के रूप में जून 2020 से 2023 तक आक्रामक रूप में वेयर हाउसिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके कार्यशैली व अनुभव को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्री ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौपी है। इस जिम्मेदारी से छत्तीसगढ़ की जनता अब निश्चिंत हो सकेगी। उनके कार्यकाल का अनुभव विभाग को निश्चित तौर पर मिल सकेगा। उनकी कार्यशैली और पारदर्शिता का लाभ आने वाले दिनों में निश्चित ही विभाग को मिलेगा।

खाद्य विभाग की समस्या व किसानों की बात सीधे देश की राजधानी दिल्ली तक पहुंच सकेगी और उनकी समस्याओं का त्वरित निदान भी हो सकेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी उन्हें सारी जानकारियां मुहैया हो सकेगी। बता दें कि श्याम अवतार केडिया ने 21 सितंबर को पदभार ग्रहण कर लिया है।

रेणु जोगी का शराबबंदी को लेकर बड़ा बयान

रायपुर,25 सितम्बर 2023(ए)। उद्योग और आबकारी मंत्री कवासी लखमा के बाद शराबबंदी पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) की नेत्री और कोटा से विधायक रेणु जोगी का बड़ा बयान सामने आया। चुनावी साल में रेणु जोगी के इस बयान को अहम माना जा रहा है।इसके अलावा उन्होंने जेसीसी (जे) के भविष्य को लेकर मीडिया में बयान दिया है। रेणु जोगी ने बताया कि प्रदेश के आदिवासी इलाकों में शराबबंदी संभव नहीं है। राज्य के आदिवासी इलाकों में शराब पर प्रतिबन्ध नहीं लगया जा सकता।उन्होंने आगे कहा कि हमे शराब की जगह दूध दुकान खोलने का मौका दें। जोगी परिवार के सियासी भविष्य पर बात करते हुए रेणु जोगी ने बताया कि उनके परिवार से कौन-कौन लड़ेगा चयन समिति तय करेगी। रेणु जोगी ने अपनी पार्टी के गठबन्धन के सवाल पर कहा कि गठबंधन के लिए किस पर ज्यादा भरोसा क्षेत्रीय दलों को तय करना है।

उन्होंने यह भी कहा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के प्रत्याशियों की टिकट जल्दी फाइनल सूची जारी हो जाएगी ।इसके पहले जोगी कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी ने सभी प्रदेशवासियों को जकांछ सरकार बनाने पर करोड़पति बनाने की घोषणा कर चुके है।

स्कूलों में 64 दिनों के अवकाश का प्रस्ताव

रायपुर,25 सितम्बर 2023(ए)। दशहरा,दीपावली,शीतकालीन और गर्मी की कितनी मिलेगी छुट्टियां रायपुर। संचालक, लोक शिक्षण द्वारा इस शिक्षा सत्र में छत्तीसगढ़ के स्कूलों में 4 प्रमुख मौके पर मिलने वाले अवकाश का प्रस्ताव तैयार कर स्कूल शिक्षा विभाग को भेजा है। इसमें दशहरा, दीपावली, शीतकालीन और गर्मी की कुल 64 छुट्टियां शामिल हैं।

जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे प्रधानमंत्री मोदी

रायपुर,25सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना से क्यों डरते हैं? उक्त बातें श्री गांधी ने बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने जातिगत जनगणना देश के लिए बहुत जरूरी बताया। गांधी ने आज ग्रामीण आवास न्याय योजना का शुभारंभ कर 47 हजार से ज्यादा परिवारों को 118 करोड़ की पहली किस्त के रूप में जारी की। श्री गांधी ने कहा कि जब मैं यहां बैठा था, मैंने रिमोट से बटन दबाई और लाभार्थियों के खाते में करोड़ों रुपये पहुंच गए। 7 लाख लोगों को आवास मिलने थे, लेकिन वे अभी तक इंतजार कर रहे थे। लेकिन ये छत्तीसगढ़ सरकार है, जिन्होंने लोगों को उनका हिस्सा दिया।

गांधी ने कहा कि 5 साल में हम आवास योजना का पूरा पैसा देंगे। हमने 2018 में वादा किया था कि किसानों का कर्जा माफ करेंगे। बिजली बिल को आधा करेंगे। हमने जो वादे किए, वो पूरे किए। किसानों को 21000 करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया। छत्तीसगढ़ में 380 अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले, इनमें 1.3 लाख युवाओं को

हर महीने 2500 रुपये सैलरी मिल रही है।

बीजेपी चोरी छिपे रिमोट दबाती है:राहुल

राहुल गांधी ने कहा, बीजेपी का रिमोट कंट्रोल चोरी छिपे काम करता है। हम सबके सामने रिमोट कंट्रोल दबाते हैं। भाजपा का रिमोट कंट्रोल अरबपतियों के लिए चलता है। जब वे रिमोट दबाते हैं तो सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण हो जाता है। बीजेपी के पास दो प्रकार का रिमोट है। जब मैंने संसद में इस बारे में बात की। मैंने पीएम मोदी से अडानी के साथ उनके कथित संबंधों के बारे में पूछा। मेरी सदस्यता रद्द कर दी गई।

ओबीसी के मुद्दे पर पीएम को घेरा

राहुल ने कहा, पीएम मोदी जहां भी जाते हैं ओबीसी संप्रदाय की बात करते हैं। कांग्रेस ने जातीय जनगणना कराई थी। पीएम मोदी डेटा छुपाना चाहते हैं। जब भी मैं जाति जनगणना की बात करता था तो संसद में कैमरे मेरे सामने से हट जाते थे। देश को 90 सचिव चला रहे हैं। इन 90 सचिवों में से केवल 3 ही ओबीसी समुदाय से हैं।

राजधानी में तेजी से फैल रहा डेंगू

» 800 से ज्यादा मरीज मिले,स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

रायपुर,25सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के कई शहरों में डेंगू तेजी से फैल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक डेंगू के 800 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं। जिसमें सबसे ज्यादा रायगढ़, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर शहरों से डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं, एक मरीज की मौत भी हो चुकी है।

जल भराव के कारण पनपते हैं मच्छर

डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम हर साल 10 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी मच्छरों से निजात नहीं मिल पा रही है। दरअसल, बारिश के मौसम में डेंगू के मरीज ज्यादा मिलते हैं, क्योंकि बारिश में जल भराव के कारण ही डेंगू के मच्छर पनपते हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक जुलाई से लेकर नवंबर के मध्य डेंगू के मरीज मिलने की संभावना ज्यादा रहती है।

लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

प्रदेश के अस्पतालों में दिन-प्रतिदिन डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में अभी दो दर्जन से अधिक मरीज भर्ती हैं। इसमें से कुछ पॉजिटिव भी हैं। वहीं, रायगढ़ जिले में डेंगू के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को 30 नए मरीजों की पहचान की गई है। वहीं, गुरुवार को 35 मरीज मिले थे। जिले में अब तक 500 से ज्यादा मरीजों के मिलने से जिला प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है।

तैयारियों में जुटा प्रशासन

नगर निगम के 48 वार्डों में 750 कर्मचारियों को डेंगू से निपटने के लिए मैदान में उतारा गया है। निगम के सभी जोनों को जोन कमिश्नरों को वार्डों में मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लार्वा और फॉगिंग कराने को कहा गया है। जहां साफ पानी जमा होता है, वहां विशेष रूप से अभियान चलाने को कहा गया है। मौसमी बीमारियों से बचाव और इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश सभी सीएमएचओ को जारी किए गए हैं। साथ ही सीएमएचओ को नगर निगम के सहयोग से एंटी लार्वा का छिड़काव कराने को कहा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अमले की टीम बनाकर घर-घर जाकर लोगों की जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

गोठान में भूख प्यास से तड़पकर एक साथ 29 मवेशियों की मौत

जांजगीर-चांपा,25 सितम्बर 2023 (ए)। छत्तीसगढ़ में जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत खरौद के गोठान में भूख प्यास से तड़पकर एक साथ 29 मवेशियों की मौत हो गई। सभी मृत गोवंश को गोठान के पीछे खुले जगह में फेंक दिया गया है। इससे उठ रही दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों का सांस लेना कठिन हो रहा है।

ना चारा-पानी ना शेड की व्यवस्था

बताया जा रहा है कि, नगर पंचायत खरौद के देवरी मोड़ स्थित आईटीआई के पीछे संचालित गोठान में 'गोठान योजना' के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। यहां गोवंश के लिए ना चारा है, ना पानी है और ना ही बिजली और शेड की व्यवस्था है। फिर भी गोठान में क्षमता से कई गुना अधिक गोवंश लाकर डाला जा रहा है। चिलचिलाती धूप हो या झमाझम बारिश हो गोवंश खुले में बंधक बने रहते हैं। चारा के नाम पर एक तिनका भी गोठान में नहीं हैं और न ही गोवंश को बाहर चराने के लिए चरवाहे की व्यवस्था है। गोवंश को पीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो रहा है।

गोठान में अभी 2 सौ से अधिक गोवंश हैं। चारा पानी नहीं मिलने से गोवंश के शरीर पूरी तरह सूख गए हैं। इनमें गोवंश के कई छोटे-छोटे बछड़े भी शामिल हैं।

हर रोज एक-दो गाय की हो रही मौत

भूख प्यास से तड़प-तड़प कर एक-दो गोवंश की मौत तो प्रतिदिन हो रही है, लेकिन एक दिन पहले एक साथ 29 गोवंश की मौत हो गई। सभी मृत गोवंश को जेसीबी से ले जाकर गोठान के पीछे खुली जगह पर फेंक दिया है। इससे आसपास के लोगों का बदबू से बुरा हाल है। साथ ही गम्भीर बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी घटना हो जाने के बाद भी अब तक कोई भी जिम्मेदार गोठान की ओर झांकने तक नहीं पहुंचा है।

वैट अधिनियम:बकाया वसूली के लिये एकमुश्त निपटान अधिनियम 2023 लागू

» 70 हजार से अधिक व्यवसायी होंगे लाभान्वित

रायपुर,25 सितम्बर 2023(ए)। वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग द्वारा वैट, वाणिज्यिक अधिनियम के तहत प्रांतीय, केन्द्रीय प्रवेशकर, वृत्तिकर एवं विलासिता कर की पुरानी बकाया राशि की वसूली के लिये एकमुश्त निपटान अधिनियम लागू किया गया है। प्रदेश में पुराने बकायादार 70 हजार से अधिक व्यवसायी इसका लाभ ले सकते हैं।

प मुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर विभाग ने विगत 15 सितम्बर को इस योजना को अधिसूचित कर दिया है। एकमुश्त निपटान के तहत कर, ब्याज और शास्ति की बकाया की वसूली की जाएगी। इसके लिए व्यवसाईयों को वाणिज्यिक कर वृत्त कार्यालयों में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होगा। निपटान अधिनियम के तहत आगामी 31 जनवरी 2024 तक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। एकमुश्त निपटान अधिनियम की खास बात यह है कि 31 जनवरी 2024 तक जिन प्रकरणों पर कर निर्धारण, रिवीजन, प्रथम या द्वितीय अपील, शासन के समक्ष अपील, उच्च न्यायालय अथवा सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों में भी इसका विस्तार किया गया है। वर्ष 2010 में बकाया वसूली के लिए लाए गए सरल समाधान योजना में भाग लेने वाले व्यवसायी भी इस निपटान अधिनियम में शामिल हो सकते हैं। निपटान अधिनियम के अंतर्गत जिन बकाया प्रकरणों में विधानवार एक वर्ष में बकाया की राशि 50 लाख रुपए से अधिक है, उसमें कर राशि में 40 प्रतिशत की राशि माफ की जाएगी। ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफ की जाएगी। 50 लाख रुपए से कम बकाया के प्रकरणों में बकाया राशि का 60 प्रतिशत, ब्याज की राशि 90 प्रतिशत और दण्ड की राशि 100 प्रतिशत माफ की जाएगी। एकमुश्त निपटान योजना के तहत आनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन करने वालों को हार्ड कॉपी संबंधित वृत्त कार्यालय के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। निपटान अधिनियम में शामिल होने वाले व्यवसायी इसके लिए निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

आयुष्मान भारत योजना में छत्तीसगढ़ को मिले तीन अवार्ड

आरोग्य मंथन कार्यक्रम में प्रदेश को किया गया पुरस्कृत

रायपुर,25 सितम्बर 2023(ए)। आयुष्मान भारत योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को तीन पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। बड़े राज्यों की श्रेणी में छत्तीसगढ़ को योजना के तहत सेवाएं प्रदान करने में लैंगिक समानता, राज्य को आबंटित राशि के शत-प्रतिशत उपयोग और राज्य के 90 प्रतिशत से अधिक परिवारों में कम से कम एक आयुष्मान कार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ जयप्रकाश मौर्य ने आज नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम में प्रदेश की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित किया।

एम्स रायपुर को भी किया गया सम्मानित

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मरीजों को डिजिटल कार्ड के द्वारा सुविधा एवं डिजिटल हेल्थ रिकार्ड के लिए एम्स रायपुर को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी का उपयोग किया जा रहा है जिससे मरीज़ों को ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सुविधा हो रही है। नई दिल्ली में आयोजित आरोग्य मंथन-2023 कार्यक्रम में स्टेट नोडल एजेंसी के उप संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी एवं एजेंसी के अधिकारियों के साथ एम्स रायपुर के डीन डॉ. ए.सी. अग्रवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार कर रही है किसानों के साथ छल

रायपुर,25 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में किसानों के मद्दे पर चर्चा करने पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के साथ छल कर रही है। वहीं राज्य की भूपेश बघेल सरकार की प्रशंसा करते हुए टिकैत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को अच्छा बोनस मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को लगातार बोनस दे रही है। एमएसपी से ज्यादा रेट मिल जाएगा तो और अच्छा है। हम उसका धन्यवाद देंगे। टिकैत ने कहा कि चुनाव में अगर कहीं मिल जाता है तो क्या दिक्कत है, चुनाव आ रहा है चुनाव में ही दे दें, जब मिले तभी ठीक है। राकेश टिकैत ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत सरकार की पॉलिसी ठीक होगी तो पूरे देश के किसान खुश रहेंगे। अनाज के लिए एमएसपी गारंटी कानून लागू होगा तो पूरे देश का बिकेगा। जब दिल्ली ही ठीक नहीं है तो जगदलपुर का किसान कैसे ठीक रहेगा, केंद्र से सब ठीक होगा तो पूरे देश में हालात बदल जाएंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)